26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 19 सितम्बर, 2026
अंक- 326 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

लड़ाकू विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए

आसमान में तिरंगा बनाया, हवा में गोते लगाए

मेरठ में IAF का एयर शो

मेरठ (एजेंसी/चिंगारी)। मेरठ में आज पहली बार एयरफोर्स का एयर शो हुआ। इसमें लड़ाकू विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। 9 हॉक MK-132 विमानों की गड़गड़ाहट से आसमान गूंज उठा। जमीन से महज 200 फीट की ऊंचाई पर विमानों ने धुएं से लकीरें खींचकर तिरंगा बनाया। हवा में गुलाटियां मारीं।



लड़ाकू विमान एक-दूसरे से 5 मीटर से भी कम दूरी पर एक साथ उड़े। हवा में कभी सीधे तो कभी पलटियां खाते हुए नीचे आए। करीब 30 मिनट तक हजारों लोग गर्दन ऊपर करके विमानों के स्टंट देखते रहे। तालियां और सीटियां बजाते रहे। जैसे विमान उनके ऊपर आकाश में पहुंचता लोग अपनी जगह पर उछल पड़ते। 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के नारे लगाते।

एयर शो वायुसेना की सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम के धुरंधर पायलटों ने किया। 2 दिन चलने वाला एयर शो शनिवार सुबह 10:30 बजे न्यू इंटीग्रेटेड टाउनशिप में शुरू हुआ। 9 लड़ाकू विमानों ने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी। कल आखिरी दिन एयरशो में भारी संख्या में दर्शकों के उमड़ने की उम्मीद है। खास बात यह है कि सूर्यकिरण टीम में मेरठ के तीन पायलट हैं। इनमें से स्क्वाड्रन लीडर अमन गोयल और स्क्वाड्रन लीडर राहुल सिंह ने विमान उड़ाया, जबकि स्क्वाड्रन लीडर शरद गोयल ने जमीन (ग्राउंड) से शो का मैनेजमेंट संभाला। एयर शो देखने के लिए 10 से अधिक स्कूलों के छात्र, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स समेत करीब 10 हजार लोग मौजूद रहे।

नंदीग्राम के बाद रेजीनगर उपचुनाव में भी टीएमसी के उम्मीदवार ने वापस लिया नाम



कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)। पश्चिम बंगाल के रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने इसका मुख्य कारण तृणमूल कांग्रेस का पार्टी चुनाव चिह्न 'जुड़े हुए दो फूल' नहीं मिलना बताया है। इससे पहले ममता बनर्जी को खेमे को अपने ही खेमे से झटका मिला, जब नंदीग्राम सीट पर उपचुनाव के लिए टीएमसी उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। उन्होंने यह कदम नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद उठाया था।

यूपी में परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के लिए 300 करोड़ रुपये मंजूर

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी) उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को 'स्मार्ट स्कूल' के रूप में विकसित करने की दिशा में 300 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। शासन ने इसके लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करते हुए स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए तकनीकी मानक भी निर्धारित किए हैं। बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा को भेजे गए पत्र के माध्यम से यह जानकारी सामने आई है। इस आदेश को लेकर अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रस्तावित 300 करोड़ रुपये की धनराशि को व्यय किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।


यूपी में भाजपा का डैमेज कंट्रोल!

संजय निषाद को मनाने उनके घर पहुंचे तावड़े



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। 2027 में उत्तर प्रदेश में विधान सभा के चुनाव होने वाले हैं, उससे पहले भारतीय जनता पार्टी अपने किले को मजबूत करने में लग गई है। एक तरफ अदिति सिंह से मुख्यमंत्री की मुलाकात हुई, तो दूसरी तरफ विनोद तावड़े संजय निषाद से मिलने पहुंचे. डैमेज कंट्रोल की मुहिम में बीजेपी जुट चुकी है। विपक्ष इस बात की राह देख रहा था कि संजय निषाद, अदिति सिंह, कौशल किशोर सरीखे नाराज नेता उनका रुख करेंगे, लेकिन माहौल को भांपते ही बीजेपी डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रायबरेली की विधायक अदिति सिंह से मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री ने खुद इस मुलाकात की तस्वीर शेयर की। वहीं दूसरी तरफ पूर्वांचल के अपने दौरे के बीच उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े गोरखपुर निषाद पार्टी के ऑफिस में संजय निषाद से मिलने पहुंचे।

इन मुलाकातों से बीजेपी नाराज नेताओं से अपनी दूरियां कम करने में जुटी है। दूसरी तरफ इन नेताओं को मिल रही तवज्जो से यह आस भी बंध रही है कि भाजपा अपने सभी नेताओं और सहयोगियों को देर-सबेर मनाने में सफल रहेगी। उधर पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री और पासी समाज के लखनऊ और अवध के सबसे बड़े चेहरों में एक कौशल किशोर ने भी अपनी नाराजगी कम होने के संकेत दे दिए हैं। प्रधानमंत्री के 76वें जन्मदिन के दिन कौशल किशोर ने अपनी पत्नी के साथ दीए जलाकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह दिखाया कि अभी भी वह भाजपा से दूर नहीं हुए हैं।





कपटी व्यक्ति हमेशा डर में जीता है: जितेंद्र जैन

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगम्बर जैन पचायती व सरजायती मन्दिर में जैन धर्म में दशलक्षण धर्म के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म मनाया गया। उत्तम आर्जव धर्म का महत्व बताते हुए वरिष्ठ श्रावक जितेंद्र जैन ने कहा कि कपटी व्यक्ति हमेशा इस डर में जीता है कि उसका झूठ या कपट कब पकड़ा जाएगा। आर्जव धर्म अपनाने से मन का यह डर खत्म होता है और सच्ची मानसिक शांति मिलती है। श्रीजी की वेदी पर सामूहिक अभिषेक कर भगवान शान्तिनाथ पर शान्ति धारा पीयूष जैन व वदना जैन परिवार की ओर से की गई। पर्व के तीसरे दिन सामूहिक जिनवाणी पूजा भगवान वासुपूज्य भगवान अभिनंदन पूजन चौबीसी (24तीर्थंकर) पूजा की गई। मूल नायक चंदा प्रभु भगवान की वेदी पर पूजन में पारसनाथ जैन, प्रियांशु जैन, वासु जैन, पुनीत जैन, नमन जैन, संदीप जैन, जिनेश्वर दास जैन ने भगवान महावीर की वेदी पर, दिवाकर जैन ने भगवान ऋषभदेव की वेदी पर, राजीव जैन ने सरजायती मंदिर के मूलनायक नेमिनाथ की वेदी पर, राहुल जैन ने दशलक्षण पूजा की। नीशू जैन, नीरज जैन, रश्मि जैन, मनीषा जैन, राजेश जैन, अनुभव जैन, मानवी जैन, कुमकुम जैन, क्रमांक जैन, सिद्धार्थ जैन, पूनम जैन सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। पहले व दूसरे दिन संध्या आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम व धार्मिक प्रश्न उत्तर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे कुमकुम जैन द्वारा आयोजित किया गया।



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विनय चौधरी एवं अंजुम इरफ़ाना सम्मानित

बिजनौर (चिंगारी)। वीएसडी पब्लिक स्कूल, बिजनौर के प्रधानाचार्य विनय चौधरी एवं उपप्रधानाचार्या श्रीमती अंजुम इरफाना को शिक्षा, नवाचार, नेतृत्व एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'भारत नेशनल लीडरशिप अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान ग्रेटर नोएडा स्थित आईआई एलएम विश्वविद्यालय में आयोजित भारत एजुकेशन लीडरशिप कॉन्क्लेव एवं नेशनल अवॉर्ड समारोह में प्रदान किया गया। भारत ओलंपियाड की अध्यक्ष श्रीमती सीमा नायडू, सीईडी के अध्यक्ष डॉ. प्रियदर्शी नायक, ए.के. शर्मा, रिटायर्ड असिस्टेंट कमिश्नर, केंद्रीय विद्यालय संगठन, मनोज मदान, मेजर जनरल बीडी वाधवा तथा प्रोफ़ेसर. (डॉ.) दिनेश सिंह, चांसलर के.आर.मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। श्री विनय चौधरी एवं अंजुम इरफाना के नेतृत्व में विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, अनुशासन, समस्या-समाधान की क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के प्रत्येक पक्ष का विकास करना है। यह सम्मान केवल प्रधानाचार्य विनय चौधरी एवं उपप्रधानाचार्या अंजुम इरफाना का व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि वीएसडी पब्लिक स्कूल, बिजनौर के समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार की सामूहिक उपलब्धि है।



समाज में नफ़रत नहीं, न्याय चाहिए: शैलेंद्र चौधरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। अपना दल (एस), बिजनौर के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने सौपुरी के सहायक अध्यापक नौशाद अहमद की हत्या को लेकर उठे सवाल के मामले में कहा है कि यह धर्म का नहीं, कानून के राज का मामला है। यदि शिक्षक ने पहले युवक के साथ मारपीट की थी तो उस घटना की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, लेकिन किसी भी कथित अपमान, विवाद या रंजिश का जवाब हत्या नहीं हो सकता। उनका सवाल साफ है कि आरोपी युवक को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार किसने दिया? पुलिस पूरे घटनाक्रम की कड़ी-दर-कड़ी जांच करे और जिसकी जितनी भूमिका सामने आए, उसके अनुसार कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि वह न आरोपी को धर्म देखकर बचाने के पक्ष में हैं, न पीड़ित को धर्म देखकर न्याय दिलाने के। अपना दल (एस) की स्पष्ट नीति है कि अपराधी की पहचान उसके धर्म से नहीं, उसके अपराध से हो तथा कानून सबके लिए समान होना चाहिए। समाज में नफरत नहीं, न्याय चाहिए; भीड़ का फैसला नहीं, संविधान और कानून का फैसला चाहिए।

आजाद समाज पार्टी कांशीराम के रजत कुमार मुख्य जिला प्रभारी बने



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आज़ाद के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़, रविंद्र भाटी, डीपी सिंह, पुष्पेंद्र कुमार राणा, भीम सैन हल्दिया को संस्तुति पर प्रदेश महासचिव गौहर इकबाल एडवोकेट ने 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते रजत कुमार को आसपा का मुख्य जिला प्रभारी बिजनौर नियुक्त किया है।

खुर्शीद मंसूरी के समर्थन में डोर-टू-डोर जनसंपर्क

नजीबाबाद (चिंगारी)। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। ग्राम गूढ़ा सराय व पानाहीमपुर में साहनपुर चेयरमैन विधानसभा चुनाव में संभावित प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी के समर्थकों ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास व समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। इस मौके पर इमरान अहमद ने कहा कि खुर्शीद मंसूरी गरीब व मजलूम लोगों की समस्याओं में उनके साथ खड़े रहते हैं। यदि उन्हें विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है तो नजीबाबाद क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को विधानसभा में मजबूती से उठाया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में रोबिन, संदीप, रईस, शानू, अकरम कुरैशी, शराफत, यूनुस, बलदेव फौजी, निसार, मदन सिंह, प्रमोद कुमार, पुखराज सिंह, सरदार काले आदि मौजूद रहे।

नॉर्थ इंडिया में निवेशक जागरूकता व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज में प्रबंधन अध्ययन एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निवेशक जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता, निवेश के विभिन्न विकल्पों, वित्तीय नियोजन तथा सुरक्षित निवेश के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. नृपेन्द्र शर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक ज्योति राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अवनीश अग्रवाल (चेयरमैन, नॉर्थ इंडिया ग्रुप), अभिनव अग्रवाल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर), डॉ. नीलावती (प्राचार्या), डॉ. शिवानी (प्राचार्या), डॉ. नवनीत राजपूत (विभागाध्यक्ष, कॉमर्स डिपार्टमेंट) तथा डॉ. उज्जवल टांक (विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) प्रमुख रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापकों निकिता सूद, डॉ. रविराज सिंह, वैभव जैन, अमन शर्मा, मनोज कुमार, डॉ. चंचल कुमार, अंजलि, सरफराज अहमद, विवेक राजपूत, कमल, शादाब अख्तर, प्रखर एवं आशीष भटनागर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



पेड़ काटने के बाद जेसीबी से जड़ें निकालकर भूमि को समतल करा दिया (पेज 9)

रालोद में आधी आबादी को पूरा हक़- अनुपम मिश्रा

रमा सोती ने समर्थकों के साथ ग्रहण की सदस्यता

लखनऊ (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल द्वारा शुक्रवार को बौद्ध शोध संस्थान सभागार, लखनऊ में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा रहे। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रमा सोती ने अपने हजारों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया।

मुख्य अतिथि अनुपम मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूर, युवा, महिला तथा समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी को महत्व देता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के दूरदर्शी एवं प्रभावी नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल विगत वर्षों में निरंतर अपने जनाधार का विस्तार कर रहा है। श्री मिश्रा ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी केवल संख्या तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया और सामाजिक एवं राजनीतिक नेतृत्व में भी उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

रालोद उत्तर प्रदेश महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती परिणीता सिंह ने कहा कि महिलाओं की



शिक्षा, रोजगार, स्वावलंबन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए महिला संगठन निरंतर कार्य करेगा।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद श्रीमती रमा सोती ने कहा कि उनका परिवार लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा है। उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से अयोध्या से हैं तथा उनका ससुराल बिजनौर के ऐतिहासिक सोती परिवार में है। उनके पड़ बाबा ससुर राय बहादुर श्री हरबंशलाल सोती जी बिजनौर के प्रथम राजनेताओं में रहे तथा नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने जरूरतमंद लोगों के पुनर्वास तथा बिजनौर जनपद के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तीन दिन से लापता 13 वर्षीय बालक का शव तालाब में मिला

घर से बकरी चराने गया था, वापिस नहीं लौटा

नगीना (चिंगारी)। तीन दिन से लापता हुए गांव सराय निवासी 13 वर्षीय बालक शाहनवाज का शव शुक्रवार की सुबह गांव के तालाब में मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस बालक के तालाब में डूबने से उसकी मौत होना मान रही है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी ने बताया कि ग्राम अलीपुर गंगा उर्फ सराय निवासी रकीब ने 16 सितंबर को थाने में लिखित सूचना देकर कहा था कि उसका 13 वर्षीय पुत्र शाहनवाज 15 सितंबर की शाम को अपने भाई के साथ घर से बकरी चराने के लिए गया था। थोड़ी देर में घर वापस आने की बात कहते हुए उसने भाई को घर भेज दिया। देर शाम तक वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आस-पास के जंगलों में उसे ढूंढा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे गांव के ही एक सिंघाड़े के तालाब में बालक के शव के मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ कहना है कि प्रथम दृष्टि में पानी में डूबने से ही बालक की मौत होना प्रतीत हो रहा है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया था। बालक के शरीर पर चोट के कोई निशान दिखाई नहीं दिए, मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा।


शाहनवाज का फाइल फोटो

गुलदार के हमले की आशंका जता रहे थे ग्रामीण

नगीना। पुलिस का कहना है कि मृतक कक्षा आठ का छात्र था। बालक के गायब होने के बाद गांव के लोग गुलदार के हमले की आशंका भी जता रहे थे। जिस जगह बालक बकरी चराने गया था, वहां गुलदार द्वारा जानवरों को उठाकर ले जाने की घटना हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि इसी दृष्टि के चलते बालक को ढूंढने के लिए ड्रोन का सहारा भी लिया गया था। बालक का शव घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर तालाब में मिला है।

मोमिन हसन बने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी



बिजनौर (चिंगारी)। अमरोहा जनपद के मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव हलपुरा निवासी मोमिन हसन शासन ने पदोन्नत करते हुए बिजनौर जिले का जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नियुक्त किया है। मोमिन हसन अब तक जनपद रामपुर में मुख्य वक्फ निरीक्षक के पद पर नियुक्त थे। शासन ने उन्हें पदोन्नति देते हुए उन्हें जनपद बिजनौर ज़िला अल्पसंख्यक अधिकारी बनाया है। उन्होंने बिजनौर में अपना पद ग्रहण कर लिया।



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

अच्छा सिला दिया...

हाय! माई फ्रेंड ट्रंप ने ये क्या कर दिया। दोस्ती का ये सिला दिया। मोदी जी तो कोली भरे फिर रहे थे। 'माई फ्रेंड ट्रंप' कहते नहीं थकते थे। जब देखो, तब यार को फोन लगा देते थे। अमेरिका जाकर चुनाव भी लड़ आये थे। 'फिर एक बार, ट्रंप सरकार' का नारा इतनी जोर से लगाया था कि पूरी दुनिया में उसकी गूंज हुई थी। इंडिया वाले इतने भोले हैं कि उन्होंने विश्वास कर लिया था कि ट्रंप यानि अमेरिका अब वाकई हमारा दोस्त है। मोदी जी तो ट्रंप पर आंख मूंदकर विश्वास करते ही थे। मगर ट्रंप साहब ऐसे काईयां निकले कि दोस्ती जैसा पवित्र रिश्ता भी भूल गये। मोदी जी ने कितना गले लगाया, जादू की झप्पी भी दी। हाथ इतना कसकर मिलाया करते थे कि लगता था ये बंधन तो प्यार का बंधन है, जन्मो का संगम है। कितने कसीदे पढ़े थे फ्रेंड की शान में। यहां तक कि अमेरिका के लंगोटिया यार इजरायल को भी फादर ऑफ इंडिया के खिताब से नवाज आये थे। क्या-क्या न सहे सितम आपकी खातिर। मगर फिर भी दगा ही दिया। रूस से सस्ता तेल मिल जाता था, वो भी बर्दाश्त नहीं हुआ। 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का बिल अमेरिकी संसद में पास करा दिया। इतना ही नहीं, भारत, चीन, रूस को धमकाया भी जा रहा है। चलो रूस और चीन से तो अमेरिका का पहले से छत्तीस का आंकड़ा है, मगर मोदी जी को तो ट्रंप साहब दोस्त बताते थे। मोदी जी को माई बेस्ट फ्रेंड कहा करते थे। ग्रेट मैन की उपाधि से नवाजा करते थे। अब लोग कहेंगे, दुश्मन न करे दोस्त ने वो काम किया है...। ऐसा घाव दिया है कि बेचारे भक्त छाती भी नहीं पीट पा रहे। किस मुंह से कहें- ट्रंप ने बुरा किया। मोदी और ट्रंप की दोस्ती पर उन्हें कितना नाज था। अब न सिर्फ दोस्ती पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को भारी कीमत भी चुकानी पड़ेगी। काश! मोदी जी ने उसी दिन दोस्ती तोड़ दी होती और लाल आंख दिखाई होती, जिस दिन डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल न खरीदने की घुड़की दी थी। रूस हमारी ऊर्जा जरूरतों का प्रमुख स्रोत रहा है। रूस से हमें सस्ता कच्चा तेल मिल रहा था। मगर नाश हो ट्रंप का, उनसे भारत का हित देखा नहीं गया। दरअसल, अमेरिका का सारा खेल ही तेल को लेकर है। वह तेल पर अपना कब्जा करना चाहता है, ताकि सारी दुनिया को अपने इशारे पर नचा सके।

जितने लोग हर साल ग़रीबी की रेखा से ऊपर आ रहे हैं, उससे ज़्यादा नीचे क्यों जा रहे हैं!



▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी

नेशनल हेल्थ एकाउंट के अनुसार भारत में हर साल महंगे इलाज के कारण 3 से 6 करोड़ लोग मध्यम वर्ग से ग़रीबी की रेखा से नीचे या उसके करीब पहुंच जाते हैं। पहले यह आंकड़ा 5.5 से 10 करोड़ तक आंका जाता था, लेकिन लोगों की आर्थिक स्थिति कुछ बेहतर होने, उनके जागरूक होने पर स्वास्थ्य बीमा कवरेज बढ़ने और सरकार द्वारा चलाई गयी आयुषमान भारत योजना से बड़ी संख्या में लोगों को हॉस्पिटलाइज़ेशन खर्च में कुछ राहत मिली है। नीति आयोग का कहना है कि हर साल 2.5 से लेकर 2.7 करोड़ भारतीयों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकाला जा रहा है। सरकार का कहना है कि आयुष्मान कार्ड धारकों की संख्या इस समय देश में 45 करोड़ से अधिक हो चुकी है। आंकड़े बताते हैं कि 12.69 करोड़ लोग इस योजना के तहत हर साल पांच लाख रूपये तक का अब तक नि:शुल्क उपचार का लाभ ले चुके हैं। समस्या यह है कि सरकार की यह योजना ग़रीब वर्ग के लिये होने से मीडियम क्लास के लगभग 40 करोड़ लोगों को इससे कम ही लाभ मिला है। दरअसल बीमारी किसी की आय नहीं देखती, अगर किसी को अचानाक गंभीर बीमारी में अस्पताल में भर्ती होकर आईसीयू, हार्ट ऑप्रेशन या कैंसर होने पर कीमियोथेरेपी करानी पड़े तो उस परिवार पर इतना अधिक आर्थिक बोझ आ जाता है कि उसका मासिक बजट गड़बड़ा जाता है।

जहां विकसित देशों में नागरिक स्वास्थ्य खर्च का मात्र 20 प्रतिशत स्वयं वहन करते हैं, वहीं हमारे देश में यह आंकड़ा 45 से 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। जबकि विकसित देशों में लोगों की आय का स्तर भी हमसे काफी अधिक ही है। गंभीर बीमार होने, हार्ट अटैक, ब्रेन हेम्रेज, लकवा, एक्सीडेंट या कोई और ज़रूरी ऑप्रेशन कराने के लिये एक बार निजी अस्पताल में भर्ती होने पर कम से कम 50,000 खर्च आता है। चाइल्ड बर्थ में सीज़ेरियन केस होने पर यह खर्च और अधिक हो जाता है। सरकारी अस्पतालों की खस्ता हालत सबको पता ही है, वर्ना यहां यह खर्च 6500 तक ही होता है। सरकार जीडीपी का मात्र 1.5 प्रतिशत ही स्वास्थ्य पर खर्च करती है। थ्री स्टार से फाइव स्टार तक अस्पताल में यही खर्च लाखों रूपयों तक पहुंच जाता है। जिसके लिये लोगों को जेवर, ज़मीन, मकान बेचकर या महाजन से ब्याज पर पैसा उधार लेना होता है। इसके बाद ऐसे परिवार लंबे समय तक कर्ज़ के जाल में उलझकर बच्चों की पढ़ाई, मकान का निर्माण और शादी तक को टालने को मजबूर हो जाते हैं।

संसद की एक समिति ने पिछले दिनों महंगे इलाज की शिकायतों को बढ़ता देखकर सरकार से सिफारिश की है कि सभी उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्रों के लिये यह ज़रूरी किया जाये कि वे रोगी को भर्ती करते हुए लंबे इलाज का अनुमानित खर्च उसके परिवार को अनिवार्य रूप से स्पष्ट करें। समिति ने उपचार के मानक नियम और तौर तरीकों, उपलब्ध सुविधाओं और सभी तरह के खर्च के बारे में भी पारदर्शिता लाने के नियम लागू करने का सुझाव दिया है। उधर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक मामले में वी द पीपुल संगठन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली जा रही भारी फीस को मजबूरी का फायदा उठाते हुए एक तरह से लूटना बताया। पीठ ने इस मामले में वर्तमान कानून को अपर्याप्त बताते हुए नये कानून की ज़रूरत और ऐसे निजी अस्पतालों को सरकार द्वारा सशर्त दी गयी नि:शुल्क ज़मीन लेने के बाद भी ग़रीब लोगों का सस्ता इलाज नहीं करने पर सख्त कानूनी कार्यवाही पर ज़ोर दिया। सरकार और कोर्ट के रूख से यह पता तो लगता ही है कि महंगा इलाज देश में लोगों के लिये बहुत बड़ी असहनीय समस्या बन चुका है।



एनएसएसओ के एक सर्वे के अनुसार देश में 45 साल से अधिक उम्र के अधिकांश लोग नियमित रूप से दवा खाने को विवश हैं। आंकड़ें बताते हैं कि कुल इलाज का 72 प्रतिशत खर्च केवल दवाओं को खरीदने में ही होता है। इससे देश में दवा उद्योग एक बड़ा कारोबार बन गया है। भारत में आज एक लाख करोड़ से अधिक का दवा व्यवसाय चल रहा है, जिसमें सरकारी दवा कंपनियों की हिस्सेदारी मात्र 400 करोड़ की है। सरकार की इस नाम मात्र की भागीदारी से निजी क्षेत्र की दवा कंपनियों की मोनोपोली स्थापित हो चुकी है। हालांकि सरकार ने जीवन रक्षक दवाओं के मूल्य नियंत्रण के लिये 348 दवाओं के दाम निर्धारित करने का दावा किया है, लेकिन इसमें सरकारी अधिकारी और निजी कंपनी के अफसर मिलकर एक खेल यह करते हैं कि उन्होंने किसी भी दवा उत्पाद में एक प्रतिशत से अधिक का हिस्सा रखने वाली ब्रांडेड कंपनियों द्वारा ही निर्धारित किये गये अलग-अलग मूल्यों का औसत निकालकर उस दवा का अधिकतक दाम तय कर दिया है, जबकि सबको पता है कि निजी दवा कंपनियां लागत पर 500 से 1000 प्रतिशत तक का मुनाफा वसूल रही हैं। जिससे गरीब लोगों को ज़रूरी दवायें सस्ते रेट पर प्राइवेट ब्रांडेड कंपनियों से ही उपलब्ध कराने की सरकार की कवायद एक औपचारिकता दिखावा और मृगमरीचिका बनकर रह गयी है। इसके साथ ही दवा नियामक नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग ऑथोरिटी का यह दावा आज भी दावा ही है कि वह दवाओं के दाम निर्धारित सीमित और आम आदमी की पहुंच में रखने के लिये निजी दवा कंपनियों को मुनाफाखोरी से रोकने लिये बाज़ार के हवाले नहीं करेगी, बल्कि लागत के हिसाब से दवाओं के रेट तय करने के लिये प्रयासरत है। सरकार दवा बाज़ार का यह सच जानती है कि पूंजीवादी सिस्टम में दवा कंपनियां भी अपना मुनाफा मरीजों की जान की परवाह नहीं करते हुए हर हाल में बढ़ाने की कोशिश में लगी होंगी, फिर भी उनको बेकाबू छोड़ दिया गया है।

सरकार की यह अनदेखी या अपराधिक लापरवाही की यह हालत तब है, जबकि कॉरपोरेट मंत्रालय की लागत लेखा शाखा ने अपनी एक स्टडी में यह पाया है कि देश की अधिकांश दवा कंपनियां दवाओं की लागत में 1100 प्रतिशत तक का लाभ जोड़कर दवाओं को बेच रही हैं। एनएफपीए के तमाम नियामकों, नियमों और शर्तों को धता बताते हुए दवा कंपनियां हाईकोर्ट के अनुसार लोगों की मजबूरी का नाजायज लाभ उठाकर उनको एक तरह से लूट रही हैं। साथ ही दवा कंपनियां सरकार के किसी भी नये कानून नियमन और रेग्यूलेटर का भी खुला विरोध करती चली आ रही हैं। यही कारण है कि लोग दवा कंपनियों की मनमानी के खिलाफ कोर्ट जाने लगे हैं। मानकों से अधिक मूल्य वसूलने के लिये निजी दवा कंपनियों के खिलाफ कोर्ट में 900 से अधिक मामले चल रहे हैं। इनमें से कुछ मुकदमों में अदालत ने इन दवा कंपनियों पर हज़ारों करोड़ का जुर्माना भी लगाया है, लेकिन इन ब्रांडेड दवा कंपनियों के दुस्साहस की हालत यह है कि इन्होंने मात्र 250 करोड़ अर्थदंड ही अब तक जमा किया है। इतना ही नहीं ये कंपनियां नियम कानून का मजाक उड़ाकर भी दवाओं का निर्माण भंडारण और बिक्री कर रही हैं। इसके साथ ही सरकार से नियामक को कंपनियों के हिसाब से चलने का निर्देश देने की मांग भी कर रही हैं। सरकार का रूख़ भी इस मामले में निजी दवा कंपनियों के बेकाबू दवा के दामों को लेकर कोई बहुत आशावादी या सकारात्मक नहीं लगता, क्योंकि वह भी पूंजीवादी, बाज़ारवादी और मुनाफाखोरी नीति आज के दौर में अपरिहार्य मानकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को महंगे इलाज के लिये इनके ही रहम ओ करम पर छोड़ चुकी है। अब तो शिक्षा व्यवस्था को बदलने को संघर्ष कर रहे युवा वर्ग से ही जनता को कुछ आस जगी है। यह अलग बात है कि युवा वर्ग ही अपनी पढ़ाई, नौकरी व पेपर लीक की समस्या के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में व्याप्त विसंगतियों पर भी नज़र डाले तो कुछ सुधार हो सकता है, क्योंकि बीमार और बुज़ुर्ग लोग न तो आंदोलन करने की स्थिति में हैं न ही सरकार उनकी बात सुनेगी।

आरती में शामिल हुये मौसम भैया गणेश जी पार लगायेंगे नैया


गणेश पूजन करते हुए मौसम चौधरी।

बिजनौर (चिंगारी)। सर्राफा स्वर्णकार संघ, बिजनौर के निमंत्रण पर भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने कल सायंकाल भगवान श्री गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती में श्रद्धापूर्वक सम्मिलित होकर विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर सर्राफा स्वर्णकार संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमित सिंघल, महामंत्री जंगबहादुर वर्मा, कोषाध्यक्ष विजयंत राज अग्रवाल, संरक्षक विजय खन्ना, अखिल अग्रवाल, अचल अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, सचिन राजपूत, सुरेंद्र वर्मा सहित अनेक सर्राफा स्वर्णकार बंधुओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर मौसम चौधरी का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।


मौसम चौधरी को सम्मानित करते हुए सर्राफा स्वर्णकार संघ के पदाधिकारी।

एनआईआईटी में श्रद्धा के साथ मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

नजीबाबाद (चिंगारी)। एनआईजीसी में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक अवनीश कुमार अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, पॉलीटेक्निक प्रधानाचार्या मानिक गुप्ता एवं बीटेक प्रधानाचार्या सुश्री शिवानी चौहान उपस्थित रही। साथ ही कॉलेज के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प, कला, तकनीकी कौशल एवं रचनात्मकता का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मेहनत, कौशल व रचनात्मक सोच के साथ अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पंचायत कार्यालय पर दीप प्रज्वलित किये गये

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली में सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा दिवस आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। ग्राम पंचायत सेक्रेटरी गौसिया अंसारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मंडावली में पंचायत कार्यालय पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद, जाकिर हुसैन, पंचायत सहायक तनुश्री शर्मा, सफाई कर्मचारी आशा देवी, अनिल कुमार, कृष्णा, हिमांशु, राशन डीलर जहीर आलम, रोहित शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित कर सेवा दिवस मनाया। ग्राम पंचायत कार्यालय, सामुदायिक शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र सहित कई स्थानों पर भी दीप प्रज्वलित किए गए। इस मौके पर ग्राम पंचायत सेक्रेटरी गौसिया अंसारी ने सभी को गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प भी दिलाया। क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में ग्राम प्रधान प्रशासक दलीप कुमार, बबलू प्रजापति के नेतृत्व में दीप प्रज्वलित किए गए।



बीबीए द्वितीय सेमेस्टर में अयान ने पाया प्रथम स्थान

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज (एनजीआईसी) में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा आयोजित परीक्षा में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अयान ने 67.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, अमान अक़ील ने 67 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं अयान असद ने 64.25 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। नार्थ इण्डिया ग्रुप आफ कालेजेस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल संस्था के कुलसचिव गौरव वर्मा एवं एनजीआईसी की प्राचार्या डॉ. नीलावती एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्या डॉ.शिवानी चौहान एवं डॉ. नवनीत राजपूत ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उज्ज्वल टाँक, सहायक प्राध्यापक डॉ. रविराज सिंह, वैभव जैन, निकिता सूद, ज्योति राजपूत एवं अन्य प्रवक्ताओं ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

विश्वकर्मा पूजन दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम मौअज्जमपुर नारायण में विश्वकर्मा पूजन दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विश्वकर्मा पूजन दिवस के उपलक्ष्य ग्राम के प्राचीन शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हवन व प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे के दौरान सुंदर भजन भी प्रस्तुत किये गये। भंडारे का आयोजन समस्त हिन्दू युवा महाशक्ति टीम व भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज की टीम ने किया, जिसमें जिला मुख्य उपाध्यक्ष रवेंद्र, ग्राम अध्यक्ष कामेंद्र, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र, जिला सचिव हितेश, जिला मीडिया प्रभारी विकास चौधरी, ग्राम अध्यक्ष दिलेराम, निशि चौधरी, ब्लॉक मुख्य उपाध्यक्ष ललिता चौधरी, सदस्य आरजू तोमर उपस्थित रहे।

विधायक व भाजपा नेता ने किया सैलून का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला बसंती माता निकट कोल्हू वाली मस्जिद पर जेन ज़ी लुक यूनिसेक्स सैलून का आगाज फजिर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी व क़ारी मोहम्मद शहबाज की दुआ से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक हाजी तसलीम अहमद व भाजपा नेता मुकुल रंजन दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ज़ाकिर अहमद, फैज़ान अख्तर फ़ैसल, साहिल अंसारी, अमजद प्रधान, मास्टर शमशाद अहमद, मास्टर शुऐब अंसारी, इकबाल अख्तर पेंटर, राहुल सिंह राजपूत, डॉ. विजयपाल सिंह, डॉ. दिनेश कुमार, अवैस अंसारी, मुशाहिद खान, काज़ी सिकंदर, शराफ़त चैधरी, सुजाअत खान, अबरार सलमानी, दीपक गुप्ता, डॉ. फैजान, शरीफ़ अहमद उर्फ़ मन्नू खलीफा, फखरे आलम आदि उपस्थित रहे। सभी ने मौ. कामरान व डॉ. जुनैद अंसारी को बधाई दी।

भारद्वाज स्वीट शॉप का हवन पूजन से शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला दरबाराशाह में श्री गणेश मंदिर के समीप भारद्वाज स्वीट शॉप का हवन पूजन से शुभारंभ किया गया। इस मौके पर राजेश भारद्वाज, नरेश भारद्वाज, मुकेश वर्मा, दिनेश वर्मा, दीपक वर्मा, कन्हैया वर्मा, सुधांशु भारद्वाज, वंश, तनिष्क, रूद्राक्ष भारद्वाज आदि मौजूद रहे। सभी ने शॉप के स्वामी हिमांशु भारद्वाज को शुभकामनाएं दी।

नजीबाबाद से नोएडा अधिवेशन में शामिल होने के लिए रवाना हुए टैंट व्यापारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश टैन्ट व्यापारी एसोसिएशन के आज नोएडा में आयोजित होने वाले द्विवार्षिक आधिवेशन में शामिल होने के लिए नजीबाबाद से टैंट व्यापारी अपने वाहन से रवाना हुए। अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के सभी जिलो से टैन्ट व्यापारी शामिल होंगे। जिला बिजनौर से टैन्ट व्यापारी नजीबाबाद टैन्ट व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष व उ.प्र. टैंट व्यापार व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री मौ. अख्तर, नजीबाबाद टैन्ट व्यापार एसोसिएशन के महामंत्री व पश्चिमी उ.प्र. टैंट व्यापारी एसोसिएशन के जिला कार्यकारिणी सदस्य सलीम अहमद के नेतृत्व में शनिवार को सुबह नजीबाबाद के काफी संख्या में टैंट व्यापारी नोएडा अविधवेशन के लिए अपने वाहनों से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में टैंट व्यापारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अधिवेशन में जाने वाले टैंट व्यापारियों में संजय अग्रवाल, लड्डन खां, मनोज कुमार, इकबाल अहमद, हाजी निसार, राहुल कुमार, राजेश कुमार, सलमान खान, दीपक अग्रवाल, अनीस अहमद, राजपाल चौहान, वकील कुरैशी आदि शामिल रहे।





शिखर शिशु सदन ने निकाली शांति यात्रा



धामपुर (चिंगारी)। शिखर शिशु सदन सी.सै. स्कूल, धामपुर में शुक्रवार को विश्व शांति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। मैत्री बोध परिवार, अखिल भारतीय आध्यात्मिक समिति तथा शिखर शिशु सदन के संयुक्त सौजन्य से आयोजित विश्व शांति यात्रा में विद्यालय के लगभग 1100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में सामूहिक शांति पाठ से हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के प्रबंधक नरेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती मधुश्री गुप्ता, धामपुर नगर के चेयरमैन रवि चौधरी, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती सिंह तथा विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. शेखर अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को विद्यालय परिसर से रवाना किया। यह यात्रा प्रयास चौक, सुभाष चौक, नगीना चौराहे पहुंचने पर विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता द्वारा शांति यात्रा का स्वागत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती सिंह ने कहा कि विश्व शांति यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में शांति, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश पहुंचाना है। विद्यालय के प्रबंधक नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों का भी विकास करते हैं। यात्रा के आयोजन में आर.एन. सिंह, गुरप्रीत सिंह, राकेश कुमार, अंकित सिसौदिया, अंकित शर्मा, आकान्शु रंजन, राजेश कुमार, शोभित कुमार, संजीव कुमार, नमित कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सर्राफा व्यापारी से छह लाख के गहने ठगे, जालसाज हाथ नहीं लगे



नगीना (चिंगारी)। दो शातिर ठगों ने शुक्रवार को एक सर्राफा व्यापारी को अपनी बातों में फंसाकर करीब छह लाख रुपये के सोने के आभूषण ठग लिए। जब तक व्यापारी को ठगी का एहसास हुआ तब तक दोनों ठग बाइक से रफूचक्कर हो गए। सर्राफा व्यापारी मनोज वर्मा ने पुलिस को मामले में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि वे दुकान से सोने-चांदी के आभूषण नहीं बेचते हैं। दो व्यक्ति शुक्रवार को करीब 11 बजे उनकी दुकान पर आए। उन्होंने कहा कि उन्हें भगवान की मूर्ति के चढ़ावे के लिए कुछ आर्टीफिशियल आभूषण खरीदने हैं। उन्होंने दो मोतियों की माला, दो लौंग और एक ताबीज पसंद किया। दोनों व्यक्तियों ने मनोज वर्मा से गहनों को असली सोने के आभूषण से स्पर्श कराने को कहा। इस पर मनोज वर्मा ने अपनी तिजोरी में रखी स्वयं की लॉकेट सहित सोने की चेन और दो अंगूठियों को वहां निकालकर आर्टिफिशियल आभूषण से स्पर्श कराकर वहीं रख दिया। दोनों ठग व्यापारी को अपनी बातों में उलझाकर असली आभूषण समेटकर वहां से रफूचक्कर हो गए। थोड़ी देर बाद जब मनोज वर्मा को गहने गायब होने का पता चला तो उन्होंने शोर मचाया, लेकिन तब तक दोनों व्यक्ति बाइक पर सवार होकर वहां से चले गए। व्यापारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। दुकान के आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों में दोनों ठग कैद हो गए। उधर, सीओ राजेश कुमार सोलंकी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस द्वारा ठगों की पहचान की जा रही है।

'वास्तविक शुचिता आत्मा के भीतर से आती है'

जैन मंदिर में मनाया उत्तम शौच का पर्व

धामपुर (चिंगारी)। जैन समुदाय के दशलक्षण पर्व का चौथा दिन शुचिता का होता है, जो हमें मन की पवित्रता और सर्वोच्च संतोष का संदेश देता है। 'शौच' का शाब्दिक अर्थ शुचिता, उज्ज्वलता या शुद्धता है। जैन दर्शन के अनुसार, बाहरी शरीर को जल या मिट्टी से कितना भी साफ कर लिया जाए, वह स्थायी रूप से शुद्ध नहीं हो सकता। सच्ची शुचिता तो आत्मा के भीतर से आती है, हम लोभ और लालच का त्याग कर देते हैं। चौथे दिन मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री शांति नाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर व श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुबह मंदिर जी में नित्य नियम से भगवान का अभिषेक पूजा की गई। उसके पश्चात दशलक्षण विधान, उदित राज म्यूजिकल ग्रुप, धामपुर व मध्य प्रदेश से पधारे शास्त्री जी द्वारा किया गया। पंकज जैन, ऋषभ जैन संजीव जैन, दीपक, वंदित जैन, प्रदीप जैन, यश जैन, प्रशांत जैन, शुभम जैन, अतिशय जैन, निखिल जैन, सुधाकर जैन अनिल जैन, विकास जैन, अवधेश जैन, नमन जैन अभिषेक जैन, प्रगति जैन, ऋचा जैन, चारु जैन, सीमा जैन, गीता जैन आरती जैन, पूजा जैन, अंकिता जैन, रेखा जैन, ममता जैन, प्रिया जैन, अल्पना जैन, चंचल जैन, गीता जैन आदि उपस्थित रहे।

एसबीडी में आशीर्वाद का दीया जलाया



धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में शासनादेश के अनुसार सेवा संकल्प अभियान का विधिवत प्रारम्भ किया गया। इसके अंतर्गत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत दीपक जला कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सुंदर रंगोली बनाई गई, साथ ही राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तम्भ और भारत के नक्शे को प्रदर्शित कर उन्हें सजाया गया। इस अवसर में महाविद्यालय की व्यवस्थापिका श्रीमती रेणु गोयल, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान द्वारा सभी को सेवा संकल्प अभियान के विषय में बताया गया।

शाकिर ने फिर की अभद्र टिप्पणी

किरतपुर (चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आबूजर नावेद द्वारा अपने फेसबुक अकाउंट पर बधाई संदेश प्रसारित किया था, जिस पर मुहल्ला काजियान निवासी मोहम्मद शाकिर ने अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी कर दी, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हो गया है। भाजपा के गांव नंगला इस्लाम के बूथ प्रभारी रणजीत सिंह ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पांच जून को सीएम योगी के जन्मदिन पर भी उक्त युवक ने अभद्र टिप्पणी की थी। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मोहम्मद शाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

गुलदार ने छुट्टा पशु को मार डाला

किरतपुर (चिंगारी)। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम बुडगरा में आज सुबह पांच बजे एक छुट्टा पशु राजेश कुमार के घर से लगभग पचास मीटर दूर कलीराम के खेत में चर रहा था, तभी गुलदार ने उसे अपना शिकार बना लिया। सुबह जब किसान कलीराम अपने खेत पर गया तो देखा कि गुलदार उसे खा रहा है। किसान के आने की आहट से गुलदार भाग गया। गांव के पास ही गुलद्वार द्वारा की गई घटना से गांव के लोग दहशत में है।

अल्हैपुर में लगा निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर



धामपुर (चिंगारी)। ग्राम अल्हैपुर स्थित ग्राम सचिवालय में 11वें आयुर्वेद दिवस के तहत ग्राम चौपाल एवं निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद थीम पर आयोजित शिविर में 77 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा के निर्देशन में आयोजित शिविर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चकराजमल की चिकित्साधिकारी डॉ. खुशबू ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। उन्होंने लोगों को दैनिक जीवन में दिनचर्या एवं ऋतुचर्या का पालन, संतुलित आहार-विहार तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया। शिविर की व्यवस्थाओं में चिकित्सालय स्टाफ अनमोल कुमार का सहयोग रहा। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार एवं सचिव अंकुश कुमार मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर लगाया गया रक्तदान शिविर



धामपुर (चिंगारी)। रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा नेशनल पैथोलॉजी लैब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत राम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, पराग अग्रवाल, डॉक्टर एनपी सिंह, गगनदीप सिंह, गुरदीप सिंह चावला, संदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों को भारत राम ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डॉ. एनपी सिंह ने पटका व गगनदीप सिंह ने बुके देकर, शिवेंद्र अग्रवाल व ललित गर्ग ने माला पहनाकर तथा गुरदीप सिंह ने गिफ्ट देकर भारत राम का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन एसपी सलूजा ने किया। कार्यक्रम में रोटेरियन शिवेंद्र अग्रवाल सतपाल चावला, डॉ. राजमोहन, डॉ. विकास, डॉ. पुलकित, ललित गर्ग, एसपी सलूजा विवेक अग्रवाल, रोटेरियन कुलवंत सिंह, अजीत चावला आदि शामिल रहे।

जेवर चुराकर मुंह में रखने वाली दो महिलाएं गिरफ़्तार

वायरल वीडियो में जेवरात छिपाते हुए आई थीं नज़र, दो स्विफ्ट कार भी बरामद



बिजनौर (चिंगारी)। चांदपुर में सर्राफा की दुकान से ज्वैलरी चोरी करने की आरोपी दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में कुछ महिलाएं दुकान से सामान चोरी कर उसे छिपाती हुई नज़र आ रही थीं। पकड़ी गयी महिलाओं के कब्जे से चोरी के जेवरात और वारदात में इस्तेमाल की गई दो स्विफ्ट कार बरामद हुई हैं।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी के.के. विश्नोई ने बताया कि ग्राम रसूलपुर नंगला निवासी दिनेश वर्मा ने 12 सितंबर को चांदपुर थाने में तहरीर देकर अपनी ज्वैलरी की दुकान से सोने के आभूषण चोरी होने की सूचना दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसी दौरान दुकान से चोरी करते महिलाओं का वीडियो सामने आया, जिसमें महिलाएं चोरी की गई चीजों को मुंह में रखती हुई नज़र आ रही थीं। जांच के आधार पर चांदपुर पुलिस ने जाहिदा उर्फ छोटी और आशिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों के कब्जे से 03 जोड़ी कुंडल पीली धातु और 04 जोड़ी बिछवे सफेद धातु बरामद हुए। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई दो स्विफ्ट कार भी बरामद की गई हैं। पूछताछ में दोनों महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 7 सितंबर को रसूलपुर नंगला स्थित सर्राफा की दुकान से जेवर चोरी किये थे। चोरी किए गए जेवरात आरोपियों ने आपस में बांट लिए थे। पुलिस के मुताबिक, बरामद जेवरात दोनों महिलाओं के हिस्से में आए थे। पकड़ी गयी महिलाओं ने बताया कि उनके साथ खातून, आशमीन, रुखसाना, फरीद खां और भूरिया उर्फ जाकिर भी था। पुलिस के अनुसार फरीद खां और भूरिया उर्फ जाकिर कार चालक थे। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। एसपी ने बताया कि पकड़ी गयी महिलाएं गाजियाबाद की रहने वाली हैं। इस गिरोह की महिलाओं ने धामपुर में भी ऐसी ही एक घटना की थी। इन महिलाओं के खिलाफ इस प्रकार की चोरियों के अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। जाकिर उर्फ भूरिया इस गिरोह का सरगना है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों को तलाश कर रही है।

लूट की सूचना देने वाला ही लुटेरा निकला

ऑनलाइन गैमिंग की लत के कारण कर्ज हो गया था



बिजनौर/चांदपुर (चिंगारी)। पुलिस को लूट की सूचना देने वाला ही लुटेरा निकला। पुलिस ने उसे 40,200 की नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी के.के. विश्नोई ने बताया कि चांदपुर क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र महेश कुमार ने 14 सितम्बर को थाने में दी तहरीर देकर कहा था कि मोटरसाइकिल से गांव जाते समय तीन अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट कर उससे 1,04,500 रुपये व एक मोबाइल फोन लूट लिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वह भी घटना स्थल पर पहुंचे थे और घटना के खुलासे के लिए 4 टीम गठित की थीं। शुक्रवार को पुलिस ने सुमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके द्वारा छिपाया गया मोबाइल फोन व 40,200 रुपये की नकदी बरामद की। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सुमित ने कपूर मेडिकल स्टोर के गल्ले से मालिक की अनुमति के बिना रुपए निकालने तथा मेडिकल फर्मों से प्राप्त कलेक्शन की धनराशि को अपने निजी एवं ऑनलाइनग गेमिंग से सम्बंधित खातों में जमा करने की बात स्वीकार की। सुमित ने पुलिस को यह भी बताया कि ऑनलाइन गेमिंग की लत एवं कर्ज के चलते उसने 13 सितम्बर को मेडिकल स्टोर स्वामी की गैरमौजूदगी का लाभ उठाकर उक्त धनराशि अपने खातों में जमा की थी। सुमित ने यह भी बताया कि धनराशि हड़पने की बात छिपाने के उद्देश्य से उसने अपने साथ लूट होने की झूठी सूचना दी तथा घटना को वास्तविक दिखाने के लिए अपना मोबाइल फोन एवं कुछ रुपए भी लूट में शामिल होना बताया। बाद में मोबाइल फोन व 40200 रुपये को घटना स्थल से पहले चकरोड तिराहे पर लगी शिलापट्टिका के पीछे घास झाड़ियों में छिपा दिया था।



आईटीआई के औचक निरीक्षण में खुली अव्यवस्था की पोल

धामपुर में तीन शिक्षक मिले गैरहाजिर, 91 में सिर्फ 13 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित

बिजनौर (चिंगारी)। जिले में संचालित चार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) का औचक निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में शिक्षकों, कार्मिकों और प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में खामियां सामने आईं। धामपुर और नगीना आईटीआई में विशेष रूप से कम उपस्थिति पाई गई।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धामपुर में निरीक्षण के दौरान तीन अध्यापक अनुपस्थित मिले। संस्थान में कुल 91 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष मात्र 13 प्रशिक्षणार्थी ही उपस्थित पाए गए। वहीं, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिजनौर में 278 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष 103 प्रशिक्षणार्थी अनुपस्थित मिले। हालांकि निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक उपस्थित पाए गए। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नजीबाबाद में निरीक्षण के दौरान किसी भी अध्यापक अथवा कार्मिक की अनुपस्थिति नहीं मिली। संस्थान में 136 सीटें स्वीकृत हैं, जिनके सापेक्ष वर्तमान में 103 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षणरत हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नगीना में कुल 160 छात्र प्रशिक्षणरत हैं। निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। इसके अलावा संस्थान के प्रधानाचार्य भी अनुपस्थित मिले। निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए सभी अध्यापकों और कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अनुपस्थित अध्यापकों एवं कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटे जाने की कार्रवाई की जाएगी।

चंदन सिंह सैनी को सम्मानित किया



बिजनौर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष चंदन सिंह सैनी को महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर द्वारा सम्मानित डॉ. शिवराज सैनी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मोहम्मदपुर देवमल निवासी चंदन सिंह सैनी को सपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा सोसाइटी के पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सोसायटी के संरक्षक राजपाल सैनी, अध्यक्ष प्रधान कल्याण सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवराज सैनी, इंद्रपाल सैनी, साहब सिंह सैनी, अरविंद कुमार, देवेंद्र सैनी, शिवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

सिंचाई विभाग की टीम खादर पहुंची तटबंध निर्माण की उम्मीद जगी

फ़िरोज़ आलम

जलीलपुर (चिंगारी)। गंगा खादर क्षेत्र के करीब 25 गांवों को हर वर्ष बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए तटबंध निर्माण की मांग को लेकर किसानों द्वारा चलाए गए 17 दिन के आंदोलन के बाद आखिरकार सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने खादर क्षेत्र का रुख किया है। शुक्रवार को लखनऊ और मुरादाबाद से सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम हस्तिनापुर-चांदपुर मार्ग पर स्थित स्टेट पुल के पास पहुंची और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने गंगा के बहाव, कटान और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेने के साथ किसानों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद खादर क्षेत्र के किसानों में तटबंध निर्माण की उम्मीद जगी है। हालांकि किसानों का कहना है कि निरीक्षण के बाद भी उनकी असली मांग तभी पूरी मानी जाएगी, जब शासन की ओर से तटबंध निर्माण के लिए बजट स्वीकृत कर निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

विकासखंड जलीलपुर का गंगा खादर क्षेत्र लंबे समय से बाढ़ की समस्या से जूझ रहा है। रायपुर खादर, जलालपुर खादर, दतियाना, नारनौर, मोहद्दीपुर, जमालुद्दीनपुर, सलेमपुर, ढोलनपुर, मुजफ्फरपुर खादर, सुजातपुर, सियाली, सीकरी, बलिया नागली,महमूदा खादर समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि बरसात शुरू होते ही गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ उनकी चिंता भी बढ़ जाती है। बाढ़ का पानी खेतों में पहुंचने से किसानों की हजारों बीघा फसल प्रभावित होती है। कई स्थानों पर गंगा के कटान से कृषि भूमि को भी नुकसान पहुंचता है।



टीम में ये अधिकारी शामिल रहे

निरीक्षण के लिए पहुंचे सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता पूर्वी गंगा शरद कुमार सिंह, मुख्य अभियंता गंगा मेरठ ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता साज-सज्जा एवं सामग्री प्रबंध उपेंद्र सिंह, अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्य मंडल, कानपुर विजय कुमार, अधीक्षण अभियंता राजीव मित्तल, अधीक्षण अभियंता राजीव भाटी, अधिशासी अभियंता केंद्रीय भंडार-3, कालागढ़ मनोज गॉड, अधिशासी अभियंता धामपुर अरुण सचदेवा तथा sdo धामपुर पंकज कुमार जैन ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जल के संभावित प्रवाह मार्ग, जल निकासी व्यवस्था तथा बाढ़ के दौरान प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का विस्तृत अध्ययन किया।

ग्रामीणों ने बताया सकारात्मक संदेश

किसान निखिल त्यागी, ओमप्रकाश प्रधान, करतार सिंह, उदल सिंह, कृष्ण कुमार, अजब सिंह, सूरजभान, शिवकुमार शास्त्री, ब्रह्मपाल सिंह, धीरज चौहान, सूरज कश्यप, सर्वजीत प्रधान और निछत्तर सिंह आदि का कहना है कि सिंचाई विभाग की टीम का मौके पर पहुंचना सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी तक शासन की ओर से तटबंध निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है। किसानों ने कहा कि जब तक शासन से बजट स्वीकृत नहीं होता और तटबंध निर्माण का काम धरातल पर शुरू नहीं होता, तब तक उनकी मांग को पूरा हुआ नहीं माना जाएगा। किसान अपनी मांग को लेकर आगे भी प्रयास जारी रखेंगे।

पांच दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल दूसरे बाइक सवार की भी उपचार के दौरान मौत

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। 5 दिन पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दूसरे बाइक सवार की भी मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। जनपद के हल्दौर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौतखेड़ी निवासी आफताब पुत्र शकील व इकबाल पुत्र जमीरुद्दीन बीते 14 सितंबर को एक बेकरी में मैकेनिकल का काम करके बाइक द्वारा रामपुर से घर वापस लौट रहे थे कि रेहड़ बस अड्डे से कुछ पहले पीली नदी के पुल के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी, जिससे आफताब की मौके पर ही मौत हो गई थी और इकबाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी अफजलगढ़ से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर किया गया था। रेहड़ पुलिस व परिजनों के मुताबिक मेरठ में उपचार के दौरान गुरुवार को इकबाल की भी मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया है।

क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन किया

बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अंतर्गत बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला बिजनौर के अंडर 23 क्रिकेट खिलाड़ियों के, जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कराया हुआ था ट्रायल नेहरू स्टेडियम बिजनौर में ट्रायल हुए थे, उनमें से चयनित खिलाड़ी इस प्रकार हैं- हिमांशु कुमार, धनंजय शर्मा, काशिफ रज़ा, विशाल चौहान, आर्यमन, कैफ मतीन, प्रियांशु सिंह, रोहित मजूमदार, मो. अलमस, सादिक अहमद, सूर्यांश चौहान, उपकार शर्मा, अक्षत भारद्वाज, आर्यन नागर, निखिल, हमज़ा, सत्यम त्यागी, शुभ सार्थक, अभिषेक राजपूत, मो. अदनान। चयनित खिलाड़ियों को कल 20 सितम्बर को सुबह 7 बजे तक भामाशाह पार्क क्रिकेट ग्राउंड में पहुंचकर रिपोर्टिंग करनी है। सभी को अपनी रजिस्ट्रेशन स्लिप, जन्म प्रमाण-पत्र/आधार कार्ड की मूल प्रति साथ लेकर जाना आवश्यक है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मानव सचदेवा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।



विश्वकर्मा चौक बनवाने की मांग

बिजनौर (चिंगारी)। डॉ. राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज का एक प्रतिनिधिमंडल विश्वकर्मा चौक बनवाने के संदर्भ में बिजनौर नगर पालिका चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह से मिला। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास कराकर विश्वकर्मा चौक बनवा दिया जाएगा, प्रतिनिधिमंडल में विश्वकर्मा विकास सेवा समिति संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र शर्मा के अलावा दयाराम शर्मा, आनंद शर्मा, राजीव शर्मा, एडवोकेट विमल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, भवन शर्मा, देवेंद्र शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, नरेंद्र धीमान, भोला शर्मा, दयाराम शर्मा, झांबरे शर्मा रहे।

वातावरण की शुद्धि को यज्ञ का आयोजन किया

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बीमारियों से बचाव हेतु वातावरण की शुद्धि के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने यज्ञ का आयोजन किया। शिव मंदिर से यज्ञ प्रारंभ हुआ और चामुंडा माता के मंदिर पर पूजन कर यज्ञ की कढ़ाई को कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद के मुख्य मार्गों से गुजारा गया। तत्पश्चात शिव मन्दिर में भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर के पुजारी पंडित वीरेंद्र कुमार बहुखंडी सहित महीपाल सिंह, योगेश भाटिया, जोगिंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, बलराम सिंह, कृष्णपाल सिंह, ललित कुमार, संदीप चौहान, राम सिंह, बलजीत सिंह आदि अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।



अंशु व समृद्ध सबसे तेज दौड़े, बाकी सारे प्रतिभागी पीछे छोड़े



ग्राम मुस्सेपुर में दौड़ प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले विजेता एथलीट को सम्मानित करते हुए विधायक ओमकुमार।

नहटौर (चिंगारी)। ग्राम मुस्सेपुर में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई,जिसमें बालिका वर्ग में अंशु चौधरी धनौरा और बालक वर्ग में समृद्ध प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में सैकड़ों एथलीट द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ओम कुमार, चमन दहिया, तरुण सहरावत युवा शक्ति मोर्चा, उपासना यादव हरियाणा रहे। दौड़ प्रतियोगिता का विधायक ओमकुमार द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। निर्णायक मंडल के अनुसार बालक वर्ग में 800 मीटर दौड़ के अंतर्गत समृद्ध प्रथम, शिव द्वितीय और मानव तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, बालिका वर्ग में अंशु चौधरी प्रथम, इशिका द्वितीय और हिमानी तृतीय स्थान पर रही। जिन्हें अतिथियों की ओर से नगद धनराशि एवं शील्ड प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। दौड़ प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अतुल डबास, संयोजक अर्पित चौधरी, वंश डबास, प्रियांशु चौधरी, रातू सिंह, जतिन डबास, चमन दहिया आदि का सहयोग रहा।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

पेड़ काटने के बाद जेसीबी से जड़ें निकालकर भूमि को समतल करा दिया

किरतपुर (चिंगारी)। ग्राम नगला इस्लाम में बिना अनुमति आम के पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। वन विभाग ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। इसके बाद कल प्रवर्तन दल रुहेलखंड जोन बरेली की टीम ने मौके पर छापा मारा। टीम को बाग में जेसीबी से पेड़ों की जड़ें निकालकर खेत को समतल किए जाने की स्थिति मिली। मौके से आम के 16 पेड़ों की जड़ें बरामद होने की बात कही गई है। टीम ने जेसीबी को कब्जे में ले लिया। शुक्रवार सुबह नगला इस्लाम स्थित एक बाग में वन विभाग की अनुमति के बिना आम के पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी। वन विभाग के वन दरोगा दीपक की ओर से किरतपुर निवासी आबिद रजा, इंतजार और नौशाद के खिलाफ 10 आम के पेड़ काटे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

प्रवर्तन दल ने 16 जड़ें बरामद कर रिपोर्ट दर्ज कराई

इसके बाद प्रवर्तन दल रुहेलखंड जोन बरेली के प्रभारी संदीप शर्मा के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। टीम में उपक्षेत्रीय वन अधिकारी वीरेंद्र कुमार और नजीबाबाद रेंजर रामकुमार सिंह शामिल रहे। अधिकारियों के अनुसार, मौके पर जेसीबी से काटे गए पेड़ों की जड़ें निकालकर बाग को समतल किया जा रहा था। प्रवर्तन दल के प्रभारी संदीप शर्मा ने बताया कि बिना अनुमति



पेड़ काटने और मौके से साक्ष्य हटाने के प्रयास के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

चिंगारी

पाठकों से निवेदन

अगर आपको चिंगारी सांध्य दैनिक प्राप्त करने में कोई परेशानी या असुविधा हो रही है तो कृपया सायं 4 बजे से 6 बजे तक इस नम्बर पर बतायें या अपने नगर, गांव या कस्बे के चिंगारी रिपोर्टर अथवा एजेंट/हॉकर से बात करें।

धन्यवाद!

मो. 9927500701

सदनपुर के छात्र का लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय इंस्पायर प्रदर्शनी के लिए चयन हुआ

नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव सदनपुर के जूनियर हाईस्कूल के छात्र सुधांशु ने एक बार फिर जनपद का नाम रोशन किया। भारत सरकार के एनआईएफ व डीटीयू दिल्ली द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय मेंटरशिप वर्कशॉप में विद्यालय के छात्र सुधांशु ने प्रतिभाग किया। डीटीयू में मेंटर डॉ. अनुकूल पाण्डेय के निर्देशन में उनके मॉडल शूज विद स्लीपर सोल को राष्ट्रीय स्तर के लिए अपग्रेड किया गया। सुधांशु का चयन आगामी 12 से 14 नवंबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय इंस्पायर मानक प्रदर्शनी के लिए हुआ है। एनआईएफ द्वारा प्रोटोटाइप के लिए आवश्यकतानुरूप 25 हजार रुपए तक की सहायता धनराशि भी प्रस्तावित है। विद्यालय के गाइड शिक्षक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि सदनपुर बेसिक शिक्षा परिषद का अभी तक का सबसे ज्यादा बाल वैज्ञानिक देने वाला विद्यालय है, पूर्व में छात्रा गरिमा भी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हो चुकी है। वर्ष 2021-22 से अभी तक विद्यालय को इंस्पायर माणक अवार्ड की ओर से एक लाख रुपए की धनराशि वैज्ञानिक मॉडल बनाने के लिए प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि संसाधन नहीं सोच बड़ी होनी चाहिए तथा ग्रामीण परिवेश के सरकारी स्कूल भी राष्ट्रीय मंच पर देश का नेतृत्व कर सकते हैं। विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक जुल्फिकार अली द्वारा जानकारी दी गई कि विद्यालय के छात्र सभी सरकारी तथा गैर सरकारी शैक्षिक प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं, जिनमें दोनों ही शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहता है।



अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



अवैध कॉलोनी पर चला प्रशासन का बुलडोजर।

नगीना (चिंगारी)। एसडीएम प्रिंस कुमार के निर्देश पर तहसील की टीम ने नगर की अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की। इस दौरान प्रशासन की टीम ने कई कालोनियों का अवैध निर्माण गिरा दिया। शुक्रवार की शाम राजस्व निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम ने धामपुर रोड पर स्थित कस्बा कोटरा, नूरसराय व निजाम सराय में विकसित हो रही तीन अवैध आवासीय कॉलोनी को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। इसके अलावा अलीपुर गंगा स्थित तालाब पर हो रहे अवैध निर्माण को भी गिराया गया। एसडीएम ने बताया कि अवैध कॉलोनी के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार चलता रहेगा। इस मौके पर लेखपाल बेनीवाल, भानुप्रकाश आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाया

नूरपुर (चिंगारी)। जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन की टीम ने पुलिस बल की सहायता से अभियान चलाकर नगर में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। अधिशासी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में नगर पालिका टीम जेसीबी व सफाई कर्मचारियों को लेकर धामपुर तिराहे पर पहुंची, जहां से अतिक्रमण हटाते हुए मुख्य बाजार व रोडवेज बस स्टेंड तक दुकानों के सामने अवैध रूप से रखे तीन लोगों के सामान को जब्त करते हुए एक हजार रुपये का जुर्माना भी वसूल किया गया।



सड़क पटरी पर खड़े अवैध ठेले व दुकानदारों द्वारा अपने सामान को बढ़ाकर रखे जाने के सम्बन्ध में नगर पालिका प्रशासन द्वारा चेतावनी भी दी गई कि यदि भविष्य में अतिक्रमण किया गया जो भारी अर्थदण्ड की कार्यवाही की जायेगी। अतिक्रमण अभियान के दौरान निकाय कर्मचारी वीर सिंह, कार्यवाहक सफाई नायक रवि कुमार, वसूली प्रभारी जितेन्द्र व नगर पालिका टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

1.40 लाख की रकम तो ले ली, मगर पंचायत को नहीं मिली ठेली

नहटौर (चिंगारी)। लगभग एक लाख 40 हजार रुपये में खरीदी ठेली आज तक पंचायत को नहीं मिली। कूड़ा ठेली कहां गयी इसका न तो सचिव के पास जबाब है न ही ग्राम प्रधान के पास। ग्राम पंचायत आकू में रिक्शा ठेली खरीदी भी गई और भुगतान कर दिया गया। करीब 3 साल से रिक्शा ठेली गायब है। ग्राम पंचायत आकू में दो वर्ष पूर्व सफाई व्यवस्था के लिए रिक्शा ठेली खरीदी गई थी, जिसके लिए करीब एक लाख चालीस हज़ार रुपए की धनराशि जारी की गई थी। उसके बाद भी आज भी सफाई कर्मचारी तसले, बाल्टी एवं अन्य साधन से ही कूड़ा डालते हैं। सफाई कर्मचारियों ने पहले भी ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से ठेली रिक्शा दिलवाने की मांग की थी। पहले बताया गया था कि ठेली रिपेयर होने के लिए गई है। पंचायत के पूर्व सचिव के कार्यकाल में खरीदी गई ठेली रिक्शा आज तक पंचायत में नहीं पहुंची है। मामले की शिकायत भी उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन उनके द्वारा मामले में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके कारण ठेली खरीद में हुए घोटाले का मामला दबा हुआ है। वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव कामेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके कार्यकाल से पहले ठेली रिक्शा खरीदी गई थी, लेकिन वह पंचायत को नहीं मिली थी, जिसका भुगतान हो गया था। इसके संबंध में उनके द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

सफ़ाईकर्मियों ने की शिकायत

24 अगस्त को सफाई कर्मचारी जगबीर सिंह, पिंकी ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) नहटौर को पत्र देकर ठेली दिलवाने की मांग की थी। उनका कहना था कि सभी सफाई कर्मचारियों को सफाई हेतु ई रिक्शा प्राप्त हो गई है, लेकिन आकू ग्राम पंचायत में ई रिक्शा ठेली नहीं मिली है।

बोले बीडीओ..

खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया मामला संज्ञान में नहीं है। संबंधित पंचायत सचिव से वार्ता की जाएगी और शिकायत की जांच कराई जाएगी।

सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोग घायल

शेरकोट (चिंगारी)। दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु निजी अस्पताल में ले जाया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर धामपुर क्षेत्र के ग्राम जैतरा निवासी जबर सिंह 35 वर्ष अपने दोस्त ललित कुमार 32 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर रामनगर से अपने घर वापस लौट रहे थे। हरिद्वार-काशीपुर हाईवे पर स्थित रामगंगा पुल के निकट मोड़ पर पीछे से आयी कार की चपेट में आने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बाइक सवार ललित कुमार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जबर सिंह अपने घायल साथी को उपचार हेतु धामपुर ले गए, वहीं दूसरी घटना हरेखली मार्ग पर कल शाम स्कूटी और बाइक टकराने से हुई। भिक्कावाला मोड़ के पास हुई इस घटना में स्कूटी सवार बढ़ापुर निवासी आफताब की पत्नी तबस्सुम और बाइक सवार स्योहारा के मुहल्ला मिलकियान निवासी जुबैर 25 वर्ष घायल हो गए। दोनों घायलों को उनके साथी उपचार हेतु प्राइवेट अस्पताल में ले गए। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

समरसता ही समाज की आधारशिला- ओमकुमार

भाजपा सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दी

नहटौर (चिंगारी)। विधानसभा क्षेत्र नहटौर के ग्राम ककराला एवं नवादा चौहान में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम में विधायक ओम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के हित में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

नवादा चौहान में विधायक ओम कुमार ने संत शिरोमणि गुरु रविदास एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया। गुरु रविदास कमेटी एवं अंबेडकर कमेटी के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का चित्र भेंट कर विधायक का स्वागत किया।


विधायक ओमकुमार को सीएम योगी व बाबा साहेब के चित्र भेंट करते हुए ग्रामवासी।

विधायक ने कहा कि सामाजिक समरसता, समानता और आपसी भाईचारा ही मजबूत समाज की आधारशिला है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में रतिराम सिंह, बलराम सैनी, दिनेश सैनी, हेमराज प्रधान, मास्टर सोमदत्त, विक्रम सिंह, पंकज कुमार अध्यक्ष रविदास कमेटी नवादा चौहान, निर्मल सिंह प्रधान, मास्टर नाथे सिंह, डालचंद डीलर, संतराम वाल्मीकि, मदन मास्टर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



सीएचसी धामपुर में मॉकड्रिल का आयोजन



धामपुर (चिंगारी)। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिजनौर के तत्वावधान में संयुक्त चिकित्सालय, धामपुर में भूकंप एवं आग जैसी आपदाओं की स्थिति से निपटने के लिए संयुक्त पूर्वाभ्यास (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया।

इस मॉकड्रिल में सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया तथा आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेविकाओं को भूकंप के समय सुरक्षित स्थान पर जाने, भवन से सुरक्षित निकासी, आग लगने की स्थिति में बचाव एवं अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग, घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने तथा प्राथमिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा एवं नोडल अधिकारी, आपदा प्रबंधन डॉ. अर्चना कुंतल के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं ने मॉकड्रिल में सक्रिय सहभागिता की।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दीप जलाए

खासपुरा (चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष ग्राम ओलियापुर निवासी चौधरी जगपाल सिंह एवं उनकी पत्नी रीता चौधरी ने दीप जलाकर खुशी मनाई। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। चौधरी जगपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और विश्व पटल पर देश की पहचान मजबूत हुई है।



अगले बरस तू जल्दी आ...


विसर्जन के लिए गणेश प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु

अफजलगढ़ (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला जोशीयान (चिरंजीलाल) में गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थापित की गई भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को श्रद्धालु ने विसर्जन से पूर्व नगर में यात्रा निकाली। डीजे की धुनों के बीच श्रद्धालु भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को लेकर विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'गणपति बप्पा मोरया, अगले साल तू जल्दी आ' के जयघोष लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। विसर्जन यात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। लोगों ने भगवान श्री गणेश से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान जतिन जोशी, शिवम कुमार, अभिषेक जोशी, नीले जोशी, नितिन वर्मा, आकाश जोशी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल रहीं।

'ह्यूमन एनाटोमी फिजियोलॉजी एंड पैथोफिजियोलॉजी' पुस्तक का विमोचन



बिजनौर (चिंगारी)। विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के स्कूल ऑफ फार्मेसी में बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई पुस्तक 'ह्यूमन एनाटोमी फिजियोलॉजी एंड पैथोफिजियोलॉजी' का भव्य विमोचन किया गया। पुस्तक का लेखन स्कूल ऑफ फार्मेसी के शिक्षकों डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. अंकुर गर्ग, श्री विपिन कुमार, श्री शिवम एवं सुश्री वृंदा द्वारा किया गया है। पुस्तक का विमोचन विवेक विश्वविद्यालय के चांसलर श्री अमित गोयल, प्रो.चांसलर दीपक मित्तल एवं कुलपति डॉ. एन.के. गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखकों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति रही। पुस्तक में ह्यूमन एनाटोमी फिजियोलॉजी एंड पैथोफिजियोलॉजी. विषय से संबंधित महत्वपूर्ण एवं उपयोगी ज्ञान को विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में विषय की मूल अवधारणाओं को सरल, स्पष्ट एवं क्रमबद्ध तरीके से समझाने का प्रयास किया गया है, जिससे बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विषय की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी। चांसलर अमित गोयल ने पुस्तक के प्रकाशन पर लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक पुस्तकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवस्थित अध्ययन सामग्री उपलब्ध होती है। प्रो.चांसलर दीपक मित्तल एवं कुलपति डॉ. एन.के. गुप्ता ने भी लेखकों के प्रयासों की सराहना करते हुए पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दीं।

हिन्दी की महिमा है बड़ी, भावनाओं को जोड़ने वाली कड़ी

चंदक (चिंगारी)। आरपीएस पब्लिक स्कूल चंदक में हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बिजनौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने किया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा तथा राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करते हुए विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि हिंदी केवल हमारी भाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं अध्ययन के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक तपराज सिंह देशवाल ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के गौरव और महत्व को समझते हुए इसके विकास में अपना योगदान देना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी ने कहा कि हिंदी हमारी पहचान और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में डॉ. ईला चौधरी सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चुनाव की तैयारी में जुट जायें बसपाई



चांदपुर (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को 5वीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने के लिए कार्यकर्ताओं से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया। ग्राम धींवरपुरा में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बसपा के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बसपा के शासनकाल को आज भी याद करती है। इस बार पूर्ण बहुमत से उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती 5वीं बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी चेतराम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह, विधानसभा महासचिव मुनीष राजपूत, संजय कुमार, रोहतास प्रजापति, नगर अध्यक्ष चांदपुर बन्ने अली आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह ने किया।

हर्षोल्लास से मनाई विश्वकर्मा जयंती

चंदक (चिंगारी)। विश्वकर्मा समाज कल्याण समिति द्वारा विश्वकर्मा आश्रम बालावाली पर विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपाल धीमान व संचालन जयप्रकाश व मुकेश शर्मा द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुबोध पाराशर, डा. नरेंद्र कुमार शर्मा, कमलेश आर्य, पत्रकार राजेश शर्मा रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सतीश धीमान, अशोक धीमान, आशाराम धीमान, अरुण कुमार, रामकुमार, नरेंद्र धीमान, रामशरण, राजेश धीमान, जनेश्वर धीमान, मंगतराम, सुरेश धीमान, ऋषिपाल धीमान आदि उपस्थित रहे।



पूर्व सैनिकों ने रोबिन सिंह को दी अंतिम विदाई



बिजनौर (चिंगारी)। ग्राम हीमपुर दीपा निवासी एवं पूर्व सैनिक स्वर्गीय रोबिन सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। वर्तमान में वे उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत थे। उनके आकस्मिक निधन से पूर्व सैनिकों में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वैलफेयर एसोसिएशन, बिजनौर (उत्तर प्रदेश) द्वारा स्वर्गीय श्री रॉबिन सिंह को पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में संगठन के संरक्षक यशपाल सिंह खासपुरा, अध्यक्ष अरविंद कुमार लांबा सहित महात्मा विदुर पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी व पूर्व सैनिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

नारी शक्ति संगठन ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन



बिजनौर (चिंगारी)। नारी शक्ति संगठन की बहनों ने बुखारा के विदुर नगर कॉलोनी में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा एवं सेवा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प के अंतर्गत पौधारोपण किया। तत्पश्चात संगठन की महामंत्री श्रीमती शारदा चौधरी के आवास पर उनके जन्मदिवस का केक काटकर ईश्वर से प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर संगठन की महामंत्री गार्गी अग्रवाल, उपाध्यक्ष निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, पूनम शर्मा, मंत्री मनीषा गुप्ता, रश्मि तोमर, अंशु विश्नोई, सुनीता शर्मा, शीतल भारद्वाज, रीना चौधरी, सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, मीडिया प्रभारी डोली शुक्ला, सदस्य माही, आशा शर्मा, बबिता आदि उपस्थित रहीं।

ऊदल सिंह बने भाकियू के ब्लॉक सचिव



नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम महमसापुर निवासी ऊदल सिंह को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) में ब्लॉक नजीबाबाद का सचिव मनोनीत किया गया है। संगठन के निष्ठावान एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता उदल सिंह का कहना है कि संगठन की नीतियों का प्रचार करते हुए संगठन मजबूत करना और किसान हित में मजबूती से आवाज उठाना उनकी प्राथमिकता है।

'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान में 15 स्कूली वाहनों पर कार्रवाई

फिटनेस, परमिट समेत अन्य दस्तावेजों की हुई जांच

छात्रों को एम-परिवहन एप के जरिए वाहन के प्रपत्र जांचने के लिए किया जागरूक

बिजनौर (चिंगारी)। स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को लेकर परिवहन विभाग की ओर से शुक्रवार को 'मिशन सेफ फ्यूचर—03' अभियान के तहत सघन प्रवर्तन कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 15 स्कूली वाहनों के विरुद्ध सीजर और चालान की कार्रवाई की गई। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए एआरटीओ महेश शर्मा ने दो टीमों का गठन किया। एक टीम का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया, जबकि दूसरी टीम की कमान पीटीओ मुन्नालाल ने संभाली। दोनों टीमों ने बिजनौर, धामपुर, नगीना रोड और नूरपुर क्षेत्रों में स्कूली वाहनों की चैकिंग की। चैकिंग के दौरान स्कूली वाहनों की फिटनेस प्रमाण-पत्र की वैधता, परमिट समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। परिवहन विभाग की टीमों ने वाहन चालकों को रोककर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये और सुरक्षित परिवहन को लेकर जागरूक भी किया। अभियान के दौरान वाहनों में सवार छात्र-छात्राओं को भी जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि वे एम-परिवहन एप के माध्यम से वाहन के जरूरी प्रपत्रों की वैधता की जांच कर सकते हैं। यदि किसी वाहन के दस्तावेज अवैध पाए जाते हैं तो इसकी जानकारी विद्यालय प्रबंधन और अपने अभिभावकों को दें तथा ऐसे वाहन में बैठने से मना करें। कार्रवाई के दौरान 15 स्कूली वाहनों के खिलाफ सीजर और चालान की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। कार्रवाई से बचने के लिए सिफारिशें भी कराई गईं, लेकिन परिवहन विभाग की टीम ने नियमों के अनुसार कार्रवाई जारी रखी। एआरटीओ महेश शर्मा ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग की ओर से स्कूली वाहनों की नियमित जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

कंबल ओढ़कर बैंक में घुसा चोर नकदी उड़ाने को लगाया पूरा जोर

सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

स्योहारा (चिंगारी)। सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देता हुआ चोर ताले तोड़कर बैंक में दाखिल हो गया। सभी सुरक्षाओं को पार करता हुआ चोर सेफ अलमारी का ताला नहीं तोड़ पाया, जिससे कोई माल का नुकसान नहीं हुआ। बैक प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के गांव गल्लाखेड़ी स्थित सर्वयूपी ग्रामीण बैंक की शाखा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गये हैं। कंबल ओढ़े चोर ने बैंक में घुसते ही बिजली के तार काटकर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी। इसके बाद बेखौफ होकर काफी देर तक बैंक के अंदर घूमता रहा। उसने स्ट्रांग रूम का ताला तक तोड़ डाला, लेकिन सेफ अलमारी का ताला नहीं टूट सका। ताला नहीं टूटा तो बैंक में रखी नकदी भी चोर के हाथ लगने से बच गई। चोर की पूरी करतूत बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में कंबल ओढ़े चोर बैंक के अंदर घुसता और इधर-उधर घूमता नजर आया है। चोर ने पहले खिड़की तोड़ी और उसी रास्ते बैंक में प्रवेश किया। अंदर पहुंचते ही उसने बिजली के तार काटकर बैंक को अंधेरे में कर दिया। इसके बाद उसने स्ट्रांग रूम को निशाना बनाया और उसका ताला तोड़ दिया। हालांकि सेफ अलमारी का ताला तोड़ने में नाकाम रहने पर उसे खाली हाथ लौटना पड़ा। सुबह बैंक भवन के स्वामी कृष्ण बहादुर ने खिड़की टूटी देखी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल शाखा प्रबंधक रविंद्र कुमार को सूचना दी। बैंक अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो अंदर सामान अस्त-व्यस्त मिला। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। पुलिस अब फुटेज के आधार पर चोर की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, शोभायात्रा निकाली



हल्दौर (चिंगारी)। नगर में विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर नगर भर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

विश्वकर्मा जयंती के मौके पर मुहल्ला राजीव नगर में प्रात: हवन पूजन किया गया व शाम 5 बजे से विश्वकर्मा युवा संघ कोमल मैमोरियल हल्दौर के तत्वावधान में नगर भर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विश्वकर्मा जी, द्रोपदी चीरहरण, हनुमान जी, गणेश जी, परशुराम जी व औजारों की सुंदर व आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो व मोहल्लों से होकर निकाली गई। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष सोनू विश्वकर्मा, दिव्यांशु विश्वकर्मा, नितिन विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, जतिन विश्वकर्मा, बालेश विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, मोहित विश्वकर्मा, रचित विश्वकर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, हरीश विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा, रिंकू विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, योगेंद्र विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, अवधेश विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, योगेंद्र विश्वकर्मा, मुनीष विश्वकर्मा व अरुण विश्वकर्मा आदि का सहयोग रहा।

हल्दौर डिग्री कॉलेज में हुए विभिन्न कार्यक्रम



हल्दौर (चिंगारी)। स्व.श्री दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति द्वारा स्थापित हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर में विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में भाग लिया तथा अपनी कला एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कॉलेज के निदेशक डॉ. अनुज कुमार व प्राचार्य डॉ. योगेंद्र त्यागी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. फकीरचंद सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में भी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर आशीर्वाद का दीया जलाया गया।

विद्यालय में मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन

नांगल सोती (चिंगारी)। स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव (मंडावली) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाते हुए विचार गोष्ठी आयोजित की गयी तथा वृक्षारोपण किया गया। एकेडमी के एमडी कुलदीप सिंह एवं प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं जीवन के संघर्षों पर विचार व्यक्त किये। एमडी कुलदीप सिंह ने कहा कि मोदी जी की जीवन यात्रा अद्भुत एवं अनुकरणीय है। दीप प्रज्वलित कर सभी ने हैप्पी बर्थ डे मोदी जी कहा। कार्यक्रम के अंत में एकेडमी के प्रांगण में नीम, बेल, बकैन, पीपल, चंपा और कड़ी पत्ते के पौधे भी रोपित किये गये। इसके उपरांत जयंती पर भगवान विश्वकर्मा को भी नमन किया गया। पिंकी, अंजलि, जालेन्द्र, रोहित, सरिता सहित समस्त एकेडमी परिवार मौजूद रहा।

शाम होते ही दीप जगमगाये मोदी ज़िंदाबाद के नारे लगाये



दीप जलाते हुये डा. मनोज वर्मा।

स्योहारा (चिंगारी)। नगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। घरों, मंदिरों, चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु एवं देश की उन्नति की कामना की गयी। शाम होते ही नगर में दीप जगमगा गये और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद का जयघोष हुआ। वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम पर डाक्टर मनोज वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर खजान सिंह, डाक्टर आशिफ, आचल चौधरी ने दीप प्रज्वलित किए। स्टेशन रोड मंदिर पर देशबंधु, यश चौहान, डाक्टर विनित देवरा, नवादा चुंगी पर नामित सभासद अरविंद ढाक, लक्ष्मी नारायण मंदिर पर मुकेश रस्तौगी ने दीप प्रज्वलित किए। अन्य जगह शंशाक विश्नोई, नामित सभासद अमित शर्मा, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, संजय जैन, वैभव रस्तौगी, संदीप गर्ग, अर्पित त्यागी आदि ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया।

पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन



बिजनौर (चिंगारी)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पुलकित मेमोरियल हॉस्पिट, बैराज रोड बिजनौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंत मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में हॉस्पिटल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को हॉस्पिटल की तरफ से प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के चेयरमैन हरीश कुमार मित्तल ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को नियमित स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

दीप प्रज्वलित कर मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



निशांत कर्णवाल का स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

नूरपुर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत रोडवेज बस स्टैंड पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड के परिसर में दीपक जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, डीसीएफ चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत,मंडल महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुईयार, सुधीर चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, भाजपा नेता जुगनु चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रेमपाल रवि, प्रदीप राणा, प्रमोहन चौहान, मंडल मंत्री राहुल यादव, सतीश चौहान, विनोद पीबाल, सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार, नामित सभासद राजीव जोशी, मुकेश भुईयार, भाजपा नेता ईशमपाल चौधरी, शक्तिकेंद्र संयोजक उमेश पाल, हरभजन सिंह, रविन्द्र सिंह, एडवोकेट रितेश चौहान, बूथ अध्यक्ष राहुल सैनी आदि उपस्थित रहे।

रचना पाल ने किया क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत



बिजनौर (चिंगारी)। पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजपा डा. रचना पाल ने अपने आवास पर भाजपा की पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय टीम में नवनियुक्त पदाधिकारियों- क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव सिसौदिया एवं सुभाष बाल्मीकि व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिन्दर कौर का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी, सुनील राजपूत जिला कार्यालय मंत्री, पंडित गोपाल धीमान आईटी सह-संयोजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विपुल चौधरी, मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष श्रीमती माया पाल, महेंद्र पाल सिंह, शूरवीर प्रधान, अंकुर चौधरी, डॉ. निपेंद्र सिंह, सतपाल, सचिन पाल, निपेंद्र सिंह भोला, अरविंद कुमार, तुषार चौधरी, सतेंद्र, राजवीर सिंह, सतवीर सिंह, अंकित कुमार, सतेंद्र चौधरी, मुकेश सोहन, अक्षय कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

नुमाइश में परसों होगा कव्वाली मुकाबला

बिजनौर (चिंगारी)। जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी वर्ष 2025-26 में आयोजित किये जाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो के क्रम में परसों 21 सितंबर की रात्रि कव्वाली मुकाबला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रोग्राम के संजोयक राजीव सोती तिलकधारी व नबील अहमद ने दिल्ली के मशहूर कव्वाल सलाम साबरी, आगरा की मशहूर कव्वाल मोहतरमा इकरा परवीन, वारसी शहनाज, शाने आलम साबरी के बीच मुकाबला होगा।

राजस्व पेंशनर्स एसोसिएशन की अमरोहा कार्यकारिणी गठित



अमरोहा (चिंगारी)। श्री नन्हें सिंह, जिला संयोजक, अमरोहा के आह्वान पर जनपद अमरोहा के राजस्व विभाग से सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारीगण की एक सभा आर्यसमाज मन्दिर भवन, हसनपुर, अमरोहा में संपन्न हुई, जिसमें जनपद अमरोहा के दूर दराज से पेंशनर्स उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता इन्द्र देव शर्मा प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा तथा संचालन नन्हें सिंह आर्य द्वारा किया गया। सभा को रोहिताश सिंह, मुनीश शर्मा, नरेंद्र सिंह, महेश शर्मा, नरेश सिंह, ओमप्रकाश अमरोहा तथा जनपद बिजनौर से पधारे मुख्य अतिथि शमीम अहमद सेवानिवृत्त तहसीलदार, विशिष्ट अतिथि मेहर सिंह सेवानिवृत्त स. कोषाधिकारी नरेन्द्र सिंह, ब्रजेश सिंह, राजेश शर्मा, आफाक अहमद संयुक्त सचिव आदि द्वारा सम्बोधित किया। सभी वक्ताओं द्वारा वर्तमान समय में पेंशनर्स के हितों की रक्षा के दृष्टिगत, आठवें वेतन आयोग में जारी नियमों के विरुद्ध संघर्ष के लिए, पेंशन चिकित्सा परिचर्या व्यय भुगतान में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु संगठन के गठन को जरूरी बताया। सभी की सहमति से जनपद अमरोहा की कार्यकारिणी के लिए नन्हें सिंह आर्य जिला अध्यक्ष, ओमप्रकाश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेश शर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मुनीश शर्मा जिला सचिव, वीरेन्द्र सिंह संयुक्त सचिव, रमेश चन्द्र कोषाध्यक्ष, ओंकार सिंह संगठन मन्त्री, क्षेत्र पाल सिंह आडिटर, नरेश सिंह, मो. इल्यास, मकसूद अहमद सदस्य गण निर्वाचित हुए।

हितेश शर्मा की पुस्तक का विमोचन



बिजनौर (चिंगारी)। बुजुर्ग साहित्यकार श्री हितेश कुमार शर्मा की 104वीं पुस्तक का विमोचन शांतिकुंज से जुड़ी हुई विदुषी महिला श्रीमती मंजू शर्मा द्वारा हितेश कुमार शर्मा के निवास स्थान पर किया गया। इस अवसर पर सुधीर नारायण खन्ना, अरविंद कुमार सोती, राजेन्द्र कुमार शर्मा, बब्लू सैनी, श्रीमती रचना कपूर व आशुतोष शर्मा मौजूद रहे।

नगर पालिका ने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



किरतपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार संचालित सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत कल नगर पालिका परिषद किरतपुर द्वारा हिन्दू इण्टर कॉलेज, किरतपुर में एक भव्य चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय मेरे सपनों का भारत-विकसित भारत 2047 रहा। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और रंगों के माध्यम से स्वच्छ, सुंदर व सशक्त भारत की अपनी परिकल्पना को प्रदर्शित किया। पालिका प्रशासन द्वारा उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं हेतु ज्ञानेशरानन्द (कर निरीक्षक) एवं मौ. नासिर को नामित किया गया था, जिनकी देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का चयन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 03 मेधावी छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित व पुरस्कृत किया गया।

किसानों से मिले मिल अधिकारी

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ के अधिकारियों द्वारा गत दिवस बादीगढ़ में कृषक बैठक का आयोजन किया गया। पंचायत घर में आयोजित इस बैठक में जोनल मैनेजर अनिल धंकड़ एवं जोनल अधिकारी मुनेन्द्र सिंह ने किसानों से गन्ना विकास एवं गन्ना आपूर्ति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई एवं इसके लाभ के बारे में बताते हुए ट्रेंच विधि एवं चौड़ी पंक्ति बुआई के फायदे गिनाए और नई स्वीकृत एवं उच्च उपज वाली गन्ना प्रजातियों की प्रो-ट्रे में सिंगल-बड नर्सरी तैयार करने, मशीनीकृत गन्ना कटाई के लाभ व मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया और अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए मिल को साफ, ताजा व रोगमुक्त गन्ना आपूर्ति का आह्वान किया। बैठक में शुगर मिल के कई अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बहुत से गन्ना किसान मौजूद रहे।



बादीगढ़ में गन्ना किसानों से चर्चा करते शुगर मिल अधिकारी।

कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

बिजनौर (चिंगारी)। जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर में शुक्रवार को वी कनेक्ट इ- सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने वी कनेक्ट इ-सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन वसीम अहमद, डायरेक्टर मौहम्मद आवेश उर्र रहमान प्लेसमेंट कोर्डिनेटर नदीम अहमद, मोहम्मद तारीक एच आर मैनेजर का स्वागत किया। कॅरिअर कॉउंसलर एवं एच आर मैनेजर मोहम्मद तारिक़ ने इस कार्यक्रम का संचालन किया एवं प्री इंटरव्यू सेशन में छात्र/छात्राओं को इंटरव्यू फेस करने के टिप्स दिए। कॉलेज प्राचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना एवं उन्हें कॉर्पोरेट क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इस कार्यक्रम में वी कनेक्ट इ-सेविसेस प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कम्पनि ने साक्षात्कार में कई छात्र/छात्राओं को जॉब ऑफर की। वी कनेक्ट इ-सेविसेस प्राइवेट लिमिटेड की चयन टीम के चेयरमैन वसीम अहमद, डायरेक्टर मोहम्मद आवेश उर्र रहमान प्लेसमेंट कोर्डिनेटर नदीम अहमद ने विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के माध्यम से उनकी योग्यता का आकलन किया। इस प्रक्रिया में 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमे से साक्षात्कार के अंतिम चरण में 10 छात्रों अब्दुल हन्नान खान, प्रीती रानी, विदुषी रानी, सुनैना, ख़ज़रा परवीन, साक्षी भारती, पल्लवी, ऋतु, मौहम्मद हारीश, युवराज सिंह भारती का चयन किया गया।



10 छात्रों का चयन



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

रविवार, 20 सितम्बर 2026

मेष- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, समस्या विशेष के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभकारी, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति।

वृषभ- पारिवारिक व्यथा, सामयिक कार्यों में निराशा, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, धन हानि की आशंका, प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल।

मिथुन- कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन, पारिवारिक सौहार्द, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मानसिक शांति, यात्रा सफल।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति, जीवन में सुखशांति वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से सहयोग।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, मान-प्रतिष्ठा-परक कृत्य सम्पन्न, विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ, मित्रों से अपेक्षित सहयोग।

कन्या- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चनें, मेल-मिलाप में अरुचि, धन की कमी, कर्ज की अदायगी समय पर न होने से मन अशांत।

तुला- ग्रहस्थिति अनुकूल, वैमनस्यता का समापन, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, परोपकार की भावना जागृत, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, यात्रा सुखद।

वृश्चिक-दिन बेहतर, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, मेल-मिलाप में रुचि।

धनु- भाग्य उन्नति में सहायक, वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, योजना साकार होने की दिशा में प्रयास, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, यात्रा संतोषजनक, अध्यात्म में आस्था।

मकर- कार्य व्यवसाय में नुकसान, प्रगति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च की चिन्ता, नवउत्तरदायित्व के निर्वाह में सफलता, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित।

मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शारीरिक सुख, अकल्पित लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विवाद का समापन।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

आरोप : अवर अभियंता को बंधक बनाकर मारपीट की



भाकियू ने अवर अभियंता पर गंभीर आरोप लगाया

चांदपुर (चिंगारी)। विद्युत विभाग के अवर अभियंता व उनके साथ गई टीम को बंधक बनाकर की गई मारपीट के मामले में ग्राम प्रधान पति सहित 6 नामजद व 20 से 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। वहीं दूसरी ओर भाकियू टिकैत कार्यकर्ताओं ने अवर अभियंता पर घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर थाने में धरना दिया। बाद में तीन दिन के भीतर अवर अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर पंचायत करने की घोषणा कर धरना समाप्त कर दिया गया। थाने में दी गई तहरीर में बागड़पुर विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात अवर अभियंता सुदीप कुमार शर्मा ने बताया कि वे 18 सितम्बर को दोपहर 3 बजे विद्युत परीक्षणशाला टीम के साथ ग्राम बागड़पुर गये थे। टीम द्वारा श्रीमती किरण पत्नी संजीव कुमार के परिसर पर विद्युत संयोजन की जांच करने पर विद्युत मीटर की इनकमिंग केबल में कट लगाकर कई सारे अतिरिक्त केबल द्वारा किचन में हीटर चलाया जा रहा था एवं दुकानों को विद्युत आपूर्ति की जा रही थी, जिसकी वीडियोग्राफी कराई गई। अवर अभियंता के अनुसार संजीव द्वारा गांव के लोगों को बुलाकर टीम को बंधक बना लिया गया तथा उसके साथ मारपीट की गई। घटना की वीडियोग्राफी टीम में शामिल सत्यम के मोबाइल में रिकार्ड हो रही थी, जिसको उनके द्वारा डिलीट कर दिया गया तथा उससे (अवर अभियंता से) खाली कागज पर जबरदस्ती साइन कराये गये। तहरीर में अवर अभियंता ने यह भी बताया कि दो-तीन दिन पूर्व भी उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसकी सूचना उनके द्वारा उच्च अधिकारियों को दे दी गई थी। वहीं दूसरी ओर शाम को भाकियू टिकैत कार्यकर्ता थाने पहुंचे तथा अवर अभियंता पर घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए थाना परिसर में धरना दिया। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि यदि तीन दिन के भीतर अवर अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई तो पंचायत कर अगली रणनीति बनाई जाएगी। बाद में धरना समाप्त कर दिया गया। धरने पर भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जसवंत सिंह, नगर अध्यक्ष बब्बू शेख, अशोक कुमार, सुनील कुमार, मौ. याकूब, शक्ति सिंह आदि भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मिस्त्री पवन सिंह की मौत

परिवार में कोहराम मचा, गांव में शोक



खासपुरा (चिंगारी)। नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव कश्मीरीपुर गढ़ी निवासी इलेक्ट्रिक मिस्त्री एवं दुकानदार पवन सिंह (42) पुत्र स्वर्गीय ऋषिपाल सिंह की पेट में दर्द की शिकायत के बाद मौत हो गई। वह अपने गांव में राशन डीलर के पति भी थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार पेट में दर्द की शिकायत होने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए चांदपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत में सुधार नहीं होने पर उन्हें बिजनौर रैफर किया गया। बिजनौर में उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद रैफर कर दिया। करीब तीन दिन तक उपचार चलने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। मृतक इलेक्ट्रिक मिस्त्री होने के साथ गांव खासपुरा में पिछले कई वर्षों से इलेक्ट्रिक के सामान की दुकान भी चलाते थे। मिलनसार स्वभाव के कारण वह लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा एक पुत्री और दो पुत्र छोड़ गए हैं।

शूटिंग प्रतियोगिता में पदक जीते



चांदपुर (चिंगारी)। लोकप्रिय इण्टर कॉलेज, केलनपुर, बिजनौर के 04 छात्र-छात्राओं द्वारा 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सक्सेना द्वारा चारों प्रतिभावान खिलाड़ियों हर्षी यादव (स्वर्ण पदक), पार्थ तोमर (रजत पदक), वंशिका (कांस्य पदक) तथा अर्पित कुमार (कांस्य पदक) को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेन्द्र सक्सेना ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों, विद्यालय के प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर एवं शूटिंग कोच श्री आकाश कुमार को बधाई दी। राज्य स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन एम.डी.एस. इण्टर कॉलेज, पिलोना, मवाना में किया गया था।

सभासद इरशाद अहमद की बेटी के निधन पर शोक

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद वार्ड नम्बर-13 मौहल्ला संतोमालन के सभासद एवं भाजपा नेता इरशाद अहमद की बेटी नगमा (27 वर्ष) का बीमारी के चलते कल देहरादून में इलाज के दौरान निधन हो गया। उसके निधन पर नगर के काफी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर दुख जताया। गुरूवार को सुबह मोटाआम स्थित कब्रिस्तान पर मृतका को सुपुर्दे खाक किया गया। उसके जनाजे में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल, सभासद राकेश कुमार, पवन कुमार, खुर्रम अफजाल, शजर तैयब, व्यापारी नेता मुकुल अग्रवाल, तसनीम सिद्दीकी, नसीम अहमद, नौशाद अहमद, आसिफ खान, नामित सभासद कलवा शेख मंसूरी, अभिषेक यादव, राजन टंडन गोल्डी, महताब खां चांद, आशु अग्रवाल, चांद पान वाले, नदीम सिद्दीकी सहित नगरपालिका सभासद व गगमान्य नागरिक मौजूद रहे।

यज्ञ और बुजुर्गों की सेवा की



बिजनौर (चिंगारी)। महात्मा विदुर वृद्ध सेवा आश्रम विदुर कुटी पर सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि जागेश्वर सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ जागेश्वर सिंह, डॉ. नरेंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, सुखराम सिंह, कृष्ण कुमार, लक्ष्मी देवी, श्रीमती मिथिलेश देवी, गौरव कुमार, उमाशंकर ने दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ. नरेंद्र सिंह ने वैदिक मन्त्रों से यज्ञ किया। योगी अनंत योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष योगेश कुमार, सचिव अनंत कुमार के सहयोगियों के द्वारा बुजुर्गों की तेल मालिश एक्यूप्रेशर चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया गया।

रिक्शा चालक ने युवती का पीछा किया

चांदपुर (चिंगारी)। एक युवक ने एक रिक्शा चालक पर उसकी बहन का पीछा करने का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम घंसूरपुर निवासी रितिक कुमार ने बताया कि 17 सितम्बर की सुबह को उसकी बहन चांदपुर में फार्म भरने के लिए जा रही थी। बाजार बजरिया में तभी पीछे से आये ई-रिक्शा चालक ने उसकी बहन के साथ बदतमीजी की तथा रिक्शे में बैठने को कहा, उसकी बहन के रिक्शा में बैठने से मना करने के बाद भी रिक्शा चालक पीछा करने लगा। उसकी बहन ने रास्ते में मिली पुलिस से शिकायत की, पुलिस वालों ने रिक्शा चालक का पीछा किया, लेकिन वह भाग गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

ऊंचे भवन में भूकंप आने पर बचाव का कराया मॉकड्रिल



नगीना (चिंगारी)। शुक्रवार को एमएम इंटर कॉलेज नगीना में ऊंचे भवन में भूकंप आने की स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल कराई गई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेकर आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। प्रभारी फायर स्टेशन नगीना दीपक कुमार के निर्देशन में फायर स्टेशन की वॉटर टेंडर यूनिट के साथ अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे। मॉकड्रिल के दौरान भूकंप की स्थिति में ऊंचे भवन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने तथा राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग, आपदा विभाग, थाना पुलिस और एनजीओ से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, कॉलेज का स्टाफ शामिल रहा। अधिकारियों ने आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित राहत-बचाव कार्यों की आवश्यकता पर जोर दिया।

बहुचर्चित निठारी कांड में बरी सुरेंद्र कोली ने हरिद्वार में की आत्महत्या

हरिद्वार (चिंगारी)। देशभर में बहुचर्चित निठारी कांड में बरी सुरेंद्र कोली का शव शुक्रवार को हरिद्वार के भूपतवाला क्षेत्र में चाय की दुकान के भीतर फंदे से लटका मिला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोली पिछले कुछ दिनों से यहां सप्त सरोवर रोड स्थित लालमाता मंदिर के पास चाय की दुकान चला रहा था। इस घटना की सूचना मिलते ही सप्तऋषि पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।



शहर क्षेत्राधिकारी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि मृतक का नाम सुरेन्द्र कोली है और वह उत्तराखंड में अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण क्षेत्र के मंगरुखाल गांव का रहने वाला था। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी और मौत के कारणों तथा घटनाक्रम से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। गौरतलब है कि 2006 में उत्तरप्रदेश में नोएडा के सेक्टर 31 के निठारी गांव में कोली को निचली अदालत ने दुष्कर्म, हत्या, सबूतों को नष्ट करने और अन्य आरोपों से जुड़े मामलों में मौत की सजा सुनाई गई थी। कोठी के मालिक मोनिंदर सिंह पंढेर को सह अभियुक्त बनाया गया था। पंढेर की कोठी के पिछले वाले हिस्से के पास नाले में मानव कंकाल मिले थे। इसके बाद वर्ष 2023 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कोली से जुड़े 12 मामलों में उसे बरी कर दिया, साथ ही पंढेर के खिलाफ़ दर्ज दो मामलों में उसे दोष मुक्त किया था। पिछले साल नवंबर में उच्चतम न्यायालय ने निठारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी रहे कोली को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि उसे जिन सबूतों के आधार पर पिछली अदालतों ने दोषी ठहराया और सज़ा दी गई थी, वह क़ानूनी तौर पर अवैध, अविश्वसनीय और विरोधाभासी थे। इस मामले में कोठी के मालिक पंढेर को अदालत पहले ही बरी कर चुकी थी।

श्री विश्वकर्मा जयंती पर किया हवन-पूजन का आयोजन

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार स्थित आईटीडीए कैल्क, बुरांश कोचिंग क्लासेज व अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ लैंग्वेज द्वारा सयुंक्त रूप से विश्वकर्मा जयंती पर हवन पूजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आईटीडीए कैल्क संस्थान के निदेशक नन्द किशोर जखमोला ने भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पकार बताते हुए कहा कि इस दिन कारखानों, कार्यस्थलों, दुकानों और घरों में मशीनों, औजारों, कंप्यूटरों और वाहनों की पूजा की जाती है, जिससे हमें अपनी आजीविका का साधन प्रदान करने वाले उपकरणों के प्रति आभार व्यक्त करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं बुरांश कोचिंग के संचालक अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि इस दिन मिल-जुलकर पूजा करने और प्रसाद बांटने से कार्यस्थल पर मालिकों और कामगारों के बीच आपसी प्रेम, एकता और भाईचारा बढ़ता है। इस अवसर पर अनीता जखमोला, स्वाति कंडवाल, भारत रावत, मोहित ठाकुर, नितेश रावत और सौरभ घनसेला सहित संस्थान के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

मौसम देखकर बदल जाती है भाजपा की गंगा और सनातन सेवा : रमोला

ऋषिकेश (चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विधानसभा ऋषिकेश के भाजपा नेताओं द्वारा त्रिवेणी घाट पर 1008 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया लेकिन बारिश शुरू होते ही भाजपा के नेता और कार्यकर्ता हवन शुरू होने से पहले ही कार्यक्रम स्थल छोड़कर चले गए। हवन की बिखरी लकड़ियां, सामग्री, कपूर, घी अन्य पूजन सामग्री और प्लास्टिक की थैलियां बारिश और हवा के चलते गंगा की जल धारा में पहुंचकर गंगा जी को प्रदूषित करने लगीं। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जयेंद्र रमोला ने कहा कि शायद भाजपा नेताओं के लिए सनातन और मां गंगा की आस्था भी मौसम देखकर बदल जाती है। धूप में यज्ञ, कैमरों के सामने आस्था और बारिश आते ही कार्यक्रम से किनारा उनकी सनातन सेवा है। रमोला ने कहा कि भाजपा नेता हर मंच से मां गंगा को अपनी आस्था का केंद्र बताते हैं, निर्मल गंगा स्वच्छ गंगा के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करते हैं व सोशल मीडिया पर प्रचार करते हैं लेकिन आस्था की असली परीक्षा तब होती है जब कैमरे बंद हों और जिम्मेदारी निभाने का समय आए।

पूर्व मंत्री से की पदमपुर की बदहाल सड़कों की शिकायत निरीक्षण करने आये तो उन्हें दिखाई उनकी हालत



पदमपुर की बदहाल सड़कों का पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने किया निरीक्षण।

कोटद्वार (चिंगारी)। पदमपुर क्षेत्र में जर्जर सड़कों को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर स्थानीय लोगों ने उन्हें सड़कों की बदहाल स्थिति दिखाई और बताया कि क्षेत्र की कई सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जगह-जगह बने गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने पूर्व मंत्री को अवगत कराया कि उनके कार्यकाल के दौरान बनी यह सड़क लंबे समय से मरम्मत की बाट जोह रही है। वर्षों बीत जाने के बावजूद सड़क का समुचित सुधार नहीं होने से आज इसकी स्थिति बेहद खराब हो गई है। एडीबी द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई सड़क की खुदाई के बाद सड़कों की स्थिति और भी खराब हो गई है। जगह-जगह खुदाई और क्षतिग्रस्त सड़क के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए जनता को लंबे समय तक परेशानी झेलनी पड़े, यह गंभीर विषय है। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों को सड़क की स्थिति का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि विकास कार्यों के लिए सड़क की खुदाई के बाद उसकी उचित मरम्मत और पुनर्स्थापना भी संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। जनता को परेशानी में छोड़कर कोई भी विकास कार्य अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकता। उन्होंने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की सड़कों की समस्या को संबंधित विभाग एवं शासन-प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा और जल्द समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाएगा और समस्या का समाधान न होने पर जन सहयोग से आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान मनोहर लाल, राम सिंह, वीरेंद्र सिंह, संजय सिंह, संतोष कुमार, अनिल नेगी और मनोज कुमार सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

पक्षी वैज्ञानिक दिनेश भट्ट सिंगापुर कान्फ्रेंस में आमंत्रित

कोटद्वार (चिंगारी)। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के पूर्व प्रोफेसर व कुलसचिव तथा पक्षी वैज्ञानिक डॉ. दिनेश भट्ट को इसी वर्ष नवंबर माह में सिंगापुर में पक्षी विज्ञान की कान्फ्रेंस में लेक्चर देने के लिए आमंत्रित किया गया है। मूल रूप से ग्राम भटगांव पौड़ी गढ़वाल के निवासी डॉ. दिनेश चंद्र भट्ट हरिद्वार जिले और पौड़ी गढ़वाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मानव वन्य जीवन संघर्ष और पक्षी विज्ञान के ऊपर शोध कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। अपने शोध में उन्होंने पाया है कि समय के साथ ही पक्षियों के व्यवहार में भी परिवर्तन हो रहा है, जिसको संरक्षित करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा और प्रकृति से छेड़छाड़ बंद करनी होगी। बताया कि उन्हें इसी वर्ष नवंबर माह में सिंगापुर पक्षी विज्ञान की कॉन्फ्रेंस में लेक्चर देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

श्री विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर त्रिवेणी घाट पर किया 1008 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन

ऋषिकेश (चिंगारी)। विश्वकर्मा पूजन दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय त्रिवेणी घाट पर त्रिपुरा धाम मणिकूट पर्वत के तत्वावधान में तथा हरिओम महाराज के सान्निध्य में 1008 कुंडी दिव्य महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। महायज्ञ में राज्य मंत्री श्रीमती चारु माथुर कोठारी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल एवं नगर निगम के महापौर शम्भू पासवान ने उपस्थित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा यज्ञ में पूर्णाहुति दी। भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर देश की प्रगति, निर्माण, श्रम एवं तकनीकी क्षेत्र में निरंतर उन्नति तथा जनकल्याण की मंगलकामना की गई। साथ ही प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं मंगलमय जीवन तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति एवं विश्व कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की गई। महापौर श्री शम्भू पासवान ने कहा कि विश्वकर्मा पूजन दिवस हमारे निर्माण, श्रम,कौशल एवं सृजन की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण के लिए सामूहिक प्रार्थना का अवसर है।



कार्यक्रम में संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं ने कहा कि वैदिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस महायज्ञ में देश की एकता, अखंडता, शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण के लिए सामूहिक रूप से आहुतियां समर्पित की गईं। महायज्ञ में क्षेत्र के संत-महात्माओं, नगर निगम के सम्मानित पार्षदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुतियां समर्पित कीं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

आजाद समाज पार्टी 24 सितंबर को प्रदर्शन करेगी-चन्द्रशेखर

सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने आज यहां कहा है कि पार्टी 24 सितंबर को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आरक्षण, अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने इस प्रदर्शन को संपूर्ण भागीदारी आंदोलन का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर का दिन पूना पेक्ट दिवस के रूप में जाना जाता है। इस दिन देशभर को यह बताया जाएगा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ने पूना पेक्ट अपने मन से नहीं बल्कि मजबूरी में किया था। उन्होंने कहा कि बसपा संस्थापक कांसीराम इस दिन को धिक्कार दिवस के रूप में मनाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के लिए 20 से 22 मुद्दों को शामिल किया गया है। प्रदर्शन के दौरान पदोन्नति में एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण का मुद्दा भी जोरशोर के साथ उठाया जाएगा।

यूपीआई शुल्क वसूली के विरोध में कांग्रेस ने व्यापारियों से किया संपर्क

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित शुल्क वसूली के विरोध में जनसम्पर्क किया गया। नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी एवं जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेशन रोड स्थित मार्केट पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से यूपीआई के माध्यम से खरीदारी कर भुगतान की रसीद एवं बिल एकत्र किये। इसके बाद इन रसीदों एवं बिलों को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगरपालिका के नामित सदस्य कलवा खां मंसूरी के निवास पर पहुंचकर उन्हें भेंट किया। इस दौरान व्यापारियों ने यूपीआई से 2,000 से अधिक के लेन-देन पर शुल्क लगाए जाने को लेकर अपनी नाराज़गी जताई। व्यापारियों का कहना था कि पहले से ही व्यापारिक गतिविधियों पर दबाव है और



ऐसे अतिरिक्त शुल्क से व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस प्रकार के शुल्क को वापस लिया जाए। कार्यक्रम में अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, मोनू टाटा, शेर अली, सिताब खां, परवेज अली, डॉ. सलीम सैफी, डॉ. इक़बाल खान, शमीम अहमद, मौअज्जम खां सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
(दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap
(घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

नेशनल चैंपियनशिप खेलने जैद हरियाणा रवाना



19 से 24 सितंबर तक पानीपत में होगा आयोजन

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी) ताइक्वांडो का सब जूनियर खिलाड़ी कासमपुर गढ़ी निवासी एसएम जैद हरियाणा में आयोजित होने वाली सीबीएसई बोर्ड की नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खेलने के लिए आज प्रात: रवाना हो गया है। यह चैंपियनशिप 19 से 24 सितंबर तक हरियाणा के पानीपत में आयोजित होगी। सहारनपुर में आयोजित हुई सीबीएसई बोर्ड नॉर्थ जोन-1 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अंडर 14 वर्ष/29 कि.ग्रा. कैटेगरी में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर लाम्बा कान्वेंट स्कूल पेबंदखेड़ी (कादराबाद) के कक्षा 7 के स्टूडेंट एसएम ज़ैद का सीबीएसई बोर्ड की इस नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए सलेक्शन हुआ है। स्कूल प्रबंधक जितेंद्र लाम्बा, उप प्रबंधक विश्वजीत लाम्बा, पीटीआई नीलम चौधरी एवं एकेडमी ट्रेनर/कोच मौ. आरिफ ने जैद को नेशनल चैंपियनशिप में भी शानदार जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। वह सिक्किम में प्रस्तावित नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित हुआ था जबकि गत वर्ष वह उड़ीसा में आयोजित हुई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भी प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन कर चुका है।

यूपी में गठबंधन की कवायद तेज!



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। लखनऊ में लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद सुनील सिंह ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी रहने का भी संकेत दिया। सुनील सिंह के मुताबिक, बैठक में किसान, गरीब, महंगाई, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने लोकदल का पूरा सम्मान करने और पार्टी के हितों का ध्यान रखने का भरोसा दिया है। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि किसानों और ग्रामीण इलाकों से जुड़े मुद्दों को आगे भी मजबूती से उठाया जाएगा।

तुरंत आवश्यकता
बिजनौर स्थित मेडिकल स्टोर हेतु एक युवक/युवती की।
वेतन : 6000/- मासिक
मो. 9027649042

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (PHYSICS,BIOLOGY,ENGLISH)
PTI (B.P.ED/M.P.ED.)
TGT & PRT (ALL SUBJECTS)
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the
Given Number 9412201377



